

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

संवत 2082, भाद्रपद शुक्ल 10 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 05 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ भारत को स्वदेशी के साथ आगे बढ़ना चाहिए

रोहित शर्मा-गिल-बुमराह फिटनेस टेस्ट में पास ◀◀ 6


### दुमका में डबल मर्डर

# तेजधार हथियार से बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या,फैली सनसनी



**संवाददाता**

**दुमका :** जिले में दोहरे हत्याकांड से हड़कंप मच गया है। यहां बेखौफ बदमाशों ने एक दंपत्ति की तेजधार हथियार से हमला कर हत्या कर दी, जबकि उनकी दो बेटियों को घायल कर दिया। इस हत्याकांड के बाद दुमका में तनाव का माहौल बन गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सुंदराप्लान गांव की है। मृतक शख्स की पहचान 63 वर्षीय साहेब हेम्ब्रम और उसकी पत्नी 60 वर्षीय मंगली किस्कु के रूप में हुई है। घायलों में मृतक दंपत्ति की दो बेटियां 25 वर्षीय हीरामुनि हेम्ब्रम और 17 वर्षीय बेनी हेंब्रम शामिल है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सोमवार रात तेजधार हथियार से हमला कर बदमाशों ने दंपत्ति को मौत के घाट उतार दिया। साथ ही उनकी दो बेटियां को भी निशाना बनाया। वही इस हमले में दोनों लड़कियां गंभीर रूप से घायल हो गई जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी।

## अचानक धू धूंकर जल उठा कोयला लदा ट्रक, मची अफरा-तफरी, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**गिरिडीह:** जिले में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया जब चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। वहीं आग लगने से ट्रक धूं धूं करके जला। बताया जा रहा है कि ट्रक में जलकर राख हो गया है। ट्रक चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। मिली जानकारी के मुताबिक, संतरूपी के पास जीटी रोड पर एक कोयला लदा ट्रक अचानक आग की भेंट चढ़ गया। बताया जा रहा है कि ट्रक बिहार जा रहा था। आग लगने की घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस की टीम और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। ट्रक पूरी तरह से जलकर राख हो गया लेकिन गनीमत रही कि ट्रक चालक की जान बच गई।

# कैबिनेट की बैठक आज, कई अहम फैसलों पर लग सकती है मुहर

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आयोजित होगी। दोपहर ढाई बजे शुरू होने वाली इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा और फैसले लिए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट बैठक में नगर निकाय चुनाव को लेकर बड़ा निर्णय हो सकता है। लंबे समय से चुनाव की प्रक्रिया टलने के कारण विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर रहा है। ऐसे में आज की बैठक में चुनाव की रूपरेखा तय होने और तारीखों पर मुहर लगने की उम्मीद है। यदि निर्णय लिया गया तो जल्द ही अधिसूचना जारी हो सकती है।




बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के सरकारी आवास को उनकी पत्नी रूपी सोरेन के नाम करने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, उद्योग और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। खासतौर पर बेरोजगारी और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े एजेंडे पर सरकार सकारात्मक रुख दिखा सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बैठक से न केवल प्रशासनिक बल्कि राजनीतिक स्तर पर भी महत्वपूर्ण संदेश जाएगा। आज लिए गए फैसले आने वाले दिनों में झारखंड की राजनीति और विकास की दिशा तय करने में निर्णायक साबित हो सकते हैं।

## तेज रफ्तार वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**लातेहार:** नेशनल हाइवे 39 पर मंगलवार यानी आज सुबह सड़क हादसा हो गया, जहां एक तेज रफ्तार वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी। वहीं युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, घटना मनिका थाना क्षेत्र में एनएच-39 की है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस द्वारा शव की पहचान की जा रही। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### मां को याद कर भावुक हुए पीएम मोदी, कहा-

# कांग्रेस की रैली में कहा गया अपशब्द हर मां का अपमान

**नई दिल्ली:** दरभंगा में राहुल गांधी के वोटर अधिकार यात्रा के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को लेकर अपमानजनक शब्द कहे जाने को लेकर मोदी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह अपमान केवल उनकी मां का नहीं, बल्कि देश की हर मां का है। पीएम मोदी ने कहा, मां ही हमारा संसार है, मां ही हमारा स्वाभिमान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी मां का राजनीति से कोई संबंध नहीं है और उनका अपमान गहरी पीड़ा देने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार की महिलाओं के लिए एक नई सुविधा की शुरूआत की। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ किया और संस्था के बैंक खाते में 105 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि इस सुविधा से बिहार की हर गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को आसानी से पैसे मिल पाएंगे। उन्हें वित्तीय मदद मिलेगी, जिससे उनके काम और कारोबार को आगे बढ़ाने में काफी सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने आरजेडी-कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उनकी मां को दी गई गालियां बिहार की हर मां-बहन-बेटी का अपमान हैं।





### हेमंत सरकार की मांग को स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दी मंजूरी

# राज्य में पीपीपी मोड पर खुलेंगे 6 मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में पीपीपी मोड पर छह नये मेडिकल कॉलेज अस्पताल खुलने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने हेमंत सोरेन सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी। सुदिव्य कुमार सोनू के पत्र के जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हे पत्र लिखकर नये मेडिकल कॉलेज की मंजूरी की जानकारी दी।

केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का आभार जताया। झारखंड के धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर और जामताड़ा में पीपीपी मोड पर नये मेडिकल कॉलेज और अस्पातल खुलेगा। सुदिव्य कुमार सोनू ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर



इसको लेकर जानकारी देते हुए लिखा कि धन्यवाद मंत्री जेपी नड्डाजी,झारखण्ड की जनता हेतु पीपीपी मोड पर 6 मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की दिशा में आपके सकारात्मक सहयोग और पहल के लिए मैं हृदय से आपका आभार व्यक्त करता हूँ।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के मार्गदर्शन में झारखण्ड सरकार राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और अब आपके इस सहयोग से झारखण्ड के 6 ज़िलों को अपना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इन मेडिकल कॉलेजों का निर्माण राज्य की जनता के बीच गुणवत्तापूर्ण एवं उन्नत चिकित्सा सेवाओं की समान पहुँच सुनिश्चित करने के साथ-साथ यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। इस ऐतिहासिक सहयोग के लिए मैं एक बार पुनः आपका धन्यवाद करता हूँ और भविष्य में भी आपके मार्गदर्शन एवं सहयोग की अपेक्षा करता हूँ।

## बिजली ठीक करने ट्रांसफार्मर पर चढ़ा युवक, करंट लगने से मौत



**संवाददाता**

**खूंटी :** रनिया थाना क्षेत्र के कुलहाप गांव में बिजली का करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। 28 वर्षीय अजीत भेंगरा के घर का बिजली कनेक्शन अचानक खराब हो गया। घर में अंधेरा और परेशानी देखकर अजीत ने खुद ही बिजली का कनेक्शन ठीक करने का फैसला किया। वह पास के ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया। इसी दौरान उसे तेज करंट का झटका लगा। करंट लगने से वह ट्रांसफार्मर से नीचे गिर पड़ा। गिरते समय उसका पेट नीचे पड़े एक लोहे के एंगल से बुरी तरह घायल हो गया और उससे खून बहने लगा। स्थानीय लोगों और परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाने का प्रयास शुरू किया। 108 एंबुलेंस सेवा से संपर्क किया गया, लेकिन कथित तौर पर काफी इंतजार के बाद भी एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। अंततः परिजनों ने मजबूरी में उसे एक टेंपू पर लादकर अस्पताल के लिए रवाना किया। रास्ते में ही अधिक खून बह जाने और गंभीर चोटों के कारण अजीत ने दम तोड़ दिया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### झोला छाप डॉक्टर ने ली एक ओर जान, शव के साथ ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

चतराः जिले में झोला छाप डॉक्टर ने ली एक ओर मरीज की जान। तीन दिनों के अंदर झोल छाप डॉक्टर ने तीन लोगों की जान। ताजा मामला हंटरगंज थाना क्षेत्र के सलवार गांव के धर्मेंद्र यादव की 20 वर्षीय पत्नी मंजू देवी की मौत हो गई है। बताया जाता है कि ऑपरेशन के बाद गर्भवती महिला ने नवजात बच्चा को जन्म दिया था। जन्म के बाद महिला की हालत बिगड़ती गई। जिसके बाद आनन फानन में झोल छाप डॉक्टर ने पटना ले गया। जहां उनकी मौत हो गई। बाद में सोमवार की रात 10:00 बजे हंटरगंज लाकर छोड़ दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया है। बताया जाता है कि झोला छाप डॉक्टर क्लिनिक छोड़ कर फरार हो गया है। वह बिहार के रहने वाला है। इधर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रतिबंधित मांस बेचने के आरोप में एक गिरफ्तार



**खूंटी :** रनिया थाना क्षेत्र के आंबा पखना गांव में स्थानीय ग्रामीणों ने प्रतिबंधित मांस बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान यहीय अंसारी, निवासी गांव रोडो, तोरपा थाना, के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, अभियुक्त एक सीडी डिलक्स बाइक पर सवार होकर बैग (डिक्की) में भरकर मांस लेकर बनई टोली होते हुए आसपास के गांवों में बेचने के उद्देश्य से आया था। स्थानीय निवासियों ने उसे पकड़ा और तुरंत रनिया थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्परता से मौके पर पहुंची और अभियुक्त की मोटरसाइकिल के डिक्की से 13 पैकेट (कुल 13 किलोग्राम) प्रतिबंधित मांस बरामद किया। ग्रामीणों के लिखित आवेदन पर पुलिस ने यहीय अंसारी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, रनिया थाना पुलिस ने प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी को भी सूचित किया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए मांस के सैंपल संग्रहित किए। पूछताछ के दौरान, गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि वह खूंटी और रोड़ों जैसे इलाकों से प्रतिबंधित मांस लाकर इस क्षेत्र में बेचता था। इसी कड़ी में, प्रतिबंधित मांस खरीदने के आरोप में पुलिस ने शुभान अंसारी (निवासी गिरिडीह) को भी हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की और गहन जांच कर रही है तथा संभावना जताई जा रही है कि इस तरह के और भी लोग जुड़े हो सकते हैं।

### पत्थर मारकर युवक की निर्मम हत्या

**खूंटी :** जिले के अड़की थाना क्षेत्र में एक हत्या का मामला सामने आया है। बीरबांकी गांव के जेनाडीह टोला के एक युवक की अज्ञात बदमाशों ने पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। पीड़ित की पहचान 28 वर्षीय सांड टोपनो के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना की शुरूआत रविवार को तब हुई जब सांड टोपनो अपनी पत्नी सिंगी हस्सा के साथ दलभंगा साप्ताहिक बाजार खरीदारी करने गया था। बाजार से सामान खरीदने के बाद उसकी पत्नी घरेलू काम के चलते अपने मायके जोजोउली चली गईं। इस दौरान सांड ने अपनी पत्नी से कहा कि वह अपने दोस्त के साथ घर लौट रहा है।

लेकिन, घर लौटते समय घाघरा-बीरबंकी मुख्य सड़क के पास अज्ञात अपराधियों ने उस पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने पत्थर मार-मारकर उसकी निर्मम हत्या कर दी।

इसके बाद सोमवार की सुबह जब स्थानीय ग्रामीणों ने रास्ते में पड़ा शव देखा, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची अड़की पुलिस ने मृतक के पर्स में मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान सांड टोपनो के रूप में की।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया। अस्पताल पर मौके पर पहुंची मृतक की पत्नी सिंगी हस्सा ने पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया।

### मंदिर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर



**बुंडूः** अनुमंडल सभागार में सोमवार को पर्यटन विभाग की ओर से एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पर्यटन विभाग के निदेशक बिजिया जादव ने की। इसमें बुंडू स्थित सूर्य मंदिर समिति और तमाड़ स्थित दिऊड़ी मंदिर ट्रस्ट के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक के दौरान मंदिर परिसरों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और श्रद्धालुओं को पूजा व दर्शन में बेहतर सुविधाएँ देने पर विस्तार से चर्चा हुई। पर्यटन निदेशक ने कहा कि इन ऐतिहासिक मंदिरों को और अधिक प्रसिद्ध बनाने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विभाग ठोस कदम उठाएगा। इस दौरान बुंडू एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा ने कहा कि मंदिरों की स्वच्छता, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा। बैठक के बाद पर्यटन निदेशक और एसडीएम ने मंदिर परिसरों का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर उपनिदेशक राजीव कुमार, डीएसपी ओम प्रकाश, एलआरडीसी छवी बाला बारला, बीडीओ सावित्री कुमारी, सीओ हंस हेम्ब्रम, नगर प्रशासक शुभम पोद्दार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### खाते से 30 हजार निकाल लिए

**रांची :** डोरंडा निवासी जेबा गिलानी नामक महिला के एटीएम कार्ड का पिन बदलकर अपराधियों ने खाते से 30 हजार रुपए निकाल लिए। शनिवार को हुई घटना के बाद उसने डोरंडा थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस को बताया कि वह डोरंडा बाजार में एटीएम से पैसे निकालने गई थी। तभी एक युवक मदद के बहाने आया और कार्ड का पिन बदल दिया। पैसे नहीं निकलने पर वह घर चली गई। कुछ देर बाद उनके खाते से पैसे की निकासी का पता चला।

## विद्यालय में मातृ परिषद का गठन

**संवाददाता**

**चतरा :** सोमवार को इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, दीभा में मातृ परिषद का गठन विद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती व पुण्य श्लोका अहिल्या बाई होलकर के स्मृति चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं 50 अभिभावकों की सक्रिय उपस्थिति रही।अतिथि परिचय विद्यालय की वरीय आचार्या माला दीदी जी के द्वारा किया गया। विषय प्रवेश की औपचारिकता विद्यालय की आचार्या ममता दीदी जी ने मातृ परिषद का उद्देश्य बताते हुआ कहा कि विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा बच्चों की शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार और सर्वांगीण विकास में सहयोग देना है।



तत्पश्चात कार्यक्रम के बीच में एकल गीत की प्रस्तुति आचार्या मौली दीदी जी द्वारा की गई।

बैठक में सबसे पहले माताओं को विद्यालय परिवार से परिचित कराया गया साथ ही विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें विद्यार्थियों के अनुशासन, शिक्षा, बच्चों के लिए संस्कार, शारीरिक,बौद्धिक गतिविधि और विद्यालय की विकास को लेकर विचार-विमर्श हुआ। विद्यालय में आगामी आयोजित विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत विभाग से संबंधित जानकारी आचार्या ज्योति शरण दीदी जी के द्वारा साझा की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से परिषद की संरक्षक गीता दीदी जी, संयोजक माला दीदी जी,अध्यक्ष के लिए सीमा दीदी जी को चुना गया। उपाध्यक्ष के रूप में आशा दीदी जी,सचिव संगीता दीदी जी व सह सचिव के लिए राखी दीदी जी को मनोनीत किया गया।कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार व कृतज्ञता ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह ने की।साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस मातृ परिषद से विद्यालय और बच्चों के सहयोग में रचनात्मक भूमिका निभाएगी।

## झोलाछाप चिकित्सक के गलत इलाज से चार वर्षीय बच्चे की मौत

**संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के धोबे निवासी मनोज पासवान का 4 वर्षीय पुत्र ऋषि कुमार की दर्दनाक मौत सोमवार को झोलाछाप चिकित्सक के गलत इलाज करने से हो गई। घटना सोमवार देर शाम की है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषि कुमार के पेट में दर्द होने की शिकायत पर पिता मनोज पासवान ने सलैया निवासी झोलाछाप चिकित्सक प्रदीप विश्वकर्मा से इलाज कराया। इलाज के दौरान प्रदीप विश्वकर्मा ने ऋषि कुमार को लगातार तीन इंजेक्शन लगा दिए और कहा कि इतने में ही ठीक हो जाएगा। घर पहुंचते ही इंजेक्शन ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया और उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। मनोज पुनः प्रदीप विश्वकर्मा के पास बच्चे को



लेकर पहुंचे तब उन्हें प्रदीप ने बच्चे को मिर्गी रोग से पीड़ित होने की बात कही और इलाज के लिए बिहार के गया भेज दिया। बिहार के गया में कहीं बच्चों को एडमिट नहीं लिया गया थक हार कर परिजन मेडिकल कॉलेज में गए। मेडिकल कॉलेज में एडमिट होते ही ऋषि कुमार की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि गया के चिकित्सक ने बच्चों की मौत का कारण इंजेक्शन का ओवरडोज दिया जाना बताया है। देर शाम परिजन मृतक बच्चे का शव लेकर वशिष्ठ नगर थाना पहुंचे और मामले की जानकारी दी। जानकारी प्राप्त होते ही वशिष्ठ नगर प्रभारी अमित कुमार सिंह हरकत में आए और आरोपियों की धर पकड़ के लिए छापामारी अभियान चला रहे हैं।

## कच्चा नदी से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**चतराः** सदर अंचलाधिकारी अनिल कुमार व थाना प्रभारी विपिन कुमार ने संयुक्त रूप से अवैध बालू उठाव व परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया. इस दौरान कच्चा नदी से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया।वही चालक फरार हो गया।ट्रैक्टर मानकी ठाकुर का बताया जा रहा है। बताया गया कि प्रशासन को सूचना मिली थी कि कच्चा नदी से बालू उठाव कर पास में बन रहे पीसीसी पथ निर्माण में आपूर्ति किया जा रहा है।सूचना के आलोक में छापामारी कर एक ट्रैक्टर जब्त किया गया, वही कई चालक पुलिस को देख ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए। जब्त ट्रैक्टर को थाना लाया जा रहा था।इस दौरान हेरु डैम के पास मानकी ठाकुर ने ट्रैक्टर के आगे आकर ट्रैक्टर को छोड़ने की बात कहीं।पदाधिकारी व जवानों ने समझा बुझा कर उन्हें हटाया और ट्रैक्टर थाना लाया. थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर की जानकारी खनन विभाग को दी गई है।

## गिरिडीह चोरी के आरोप में महिला को पीटा, चप्पल की माला पहनाकर गांव में घुमाया, 9 के खिलाफ नामजद मामला दर्ज

**गिरिडीहः** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के पिपराडीह गांव में इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है।पहले एक महिला पर चांदी के जेवर चोरी करने का आरोप लगाया गया और फिर महिला को बंधक बनाया गया। बंधक बनाने के बाद घंटों तक पिटाई की गई। इतने से भी मन नहीं भरा तो उसके बाल काटे गए, फिर अर्द्धनग्न किया गया।इसी अर्द्धनग्न अवस्था में महिला को जूते झ चप्पल की माला पहनाई गई। इसके बाद उसे पूरे गांव में घुमाया गया। यहां पर भी लोगों का मन नहीं भरा तो महिला का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। मामला डुमरी थाना इलाका के अंतर्गत जामताड़ा पंचायत के एक गांव से संबंधित है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को भीड़ के चंगुल से बचाते हुए उसका इलाज करवाया। दरअसल, उक्त गांव के एक घर में चोरी की बात सामने आने पर वहीं की महिलाओं ने गांव की ही एक महिला को पकड़ लिया और फिर बंधक बना लिया। इसके बाद पूरी घटना को अंजाम दिया गया। इस बीच स्थानीय मुखिया ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रणित पटेल दल बल के साथ पहुंचे और पीड़िता का बचाव करते हुए उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया।इस मामले में पुलिस ने महिला से आवेदन लिया और 9 लोगों को नामजद करते हुए गांव की कुछ महिलाओं को पूछताछ के लिए थाना लाया गया। पीड़िता के साथ अमानवीय हरकत करने वाले आरोपियों से पूछताछ की गई। दूसरी तरफ उस वीडियो को जब्त करते हुए आरोपियों की पहचान शुरू की गई। जिन आरोपी महिलाओं को थाना लाया गया था उनमें से दो महिला वीडियो में दिखी जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। डुमरी के थाना प्रभारी प्रणित पटेल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना इलाके के एक गांव की महिला के साथ अमानवीय हरकत करने की जानकारी मिलते ही पहले पीड़िता को भीड़ के चंगुल से बचाया गया। इस मामले में पीड़िता के आवेदन पर 9 लोगों को नामजद किया गया।वायरल वीडियो से दो आरोपियों की पहचान करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया हैं।अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई हैं।

# फसल बीमा में चतरा ने रचा नया इतिहास, राज्य में दूसरा स्थान

### 40,656 के लक्ष्य पर 65,715 किसानों का पंजीकरण, 127.48% उपलब्धि

**संवाददाता**

**चतरा :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2025 के अंतर्गत चतरा जिले ने ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। जिले का लक्ष्य 40,656 किसानों के पंजीकरण का था, लेकिन किसानों की सक्रिय भागीदारी और प्रशासनिक टीमों की निरंतर पहल से यह संख्या बढ़कर 65,715 तक पहुँच गई। लक्ष्य से 25,059 अधिक किसानों का नामांकन होना यह दर्शाता है कि अब किसान न केवल जोखिम प्रबंधन को लेकर सजग हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी मजबूत कदम उठा रहे हैं।

इस अद्वितीय उपलब्धि ने चतरा जिले को पूरे राज्य में विशेष पहचान दिलाई है। साहिबगंज के बाद चतरा लगभग 127.48 प्रतिशत कवरेज के साथ झारखंड में दूसरे स्थान पर रहा। यह सफलता न केवल जिले के लिए गौरव का विषय है बल्कि प्रशासनिक प्रतिबद्धता और किसानों की जागरूकता का प्रत्यक्ष प्रमाण भी है।

किसानों की मेहनत और प्रशासन की पहल का परिणामः इस सफलता के पीछे किसानों की जागरूकता और प्रशासन की अथक कोशिशें रही हैं। जिला प्रशासन की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाए गए, शिविर, पंचायत स्तर तक बैठकों और प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों को योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। परिणामस्वरूप किसानों ने इसे अपनी सुरक्षा के कवच के रूप में स्वीकार किया और बड़े पैमाने पर जुड़ाव दर्ज कराया।

प्रखंडवार उपलब्धिः चतरा जिले के सभी प्रखंडों ने इस उपलब्धि में योगदान दिया। गिद्धौर प्रखंड ने 1,584 के लक्ष्य के विरुद्ध 3,590 किसानों का नामांकन कर 226.64 प्रतिशत की सर्वोच्च उपलब्धि अर्जित की। सिमरिया ने 4,488 के लक्ष्य के विरुद्ध 10,045 किसानों का नामांकन कर 223.77 प्रतिशत तथा इटखोरी ने 3,168 के लक्ष्य के विरुद्ध 6,436 किसानों का पंजीकरण कर 203.15 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। कुन्दा ने 193.56 प्रतिशत,



चतरा ने 184.89 प्रतिशत, लावालौंग ने 175.99 प्रतिशत और पत्थलगड़ा ने 171.13 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की। मयूरहंड और कान्हाचट्टी ने क्रमशः 163.75 और 157.99 प्रतिशत किसानों का नामांकन किया। वहीं, प्रतापुर ने 142.80 प्रतिशत, हंटरगंज ने 116.15 प्रतिशत और टंडवा प्रखंड ने 108.39 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की। स्पष्ट है कि गिद्धौर, सिमरिया और इटखोरी जैसे प्रखंडों ने 200 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर जिले की सफलता को राज्य स्तर पर नई ऊँचाई दी है।उपायुक्त कीर्तिश्री ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि चतरा के किसानों ने जिस सक्रियता और विश्वास के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में भागीदारी की है, वह वाकई सराहनीय है। हमारा उद्देश्य है कि आने वाले समय में जिले का हर पात्र किसान इस योजना से लाभान्वित हो। प्रशासन की ओर से किसानों को जागरूक करने और अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने का अभियान लगातार जारी रहेगा। जिला कृषि पदाधिकारी गौतम कुमार ने कहा यह सफलता किसानों की बढ़ती जागरूकता और प्रशासनिक सहयोग का परिणाम है। जिले के किसान अब फसल बीमा योजना को एक सुरक्षा कवच मानकर इससे जुड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में यह न केवल किसानों की आर्थिक स्थिरता को मजबूत करेगा बल्कि कृषि क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव लाएगा। सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो ने कहा कि फसल बीमा योजना की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि जब किसान और प्रशासन एक साथ प्रयास करते हैं तो हर लक्ष्य को पार किया जा सकता है। सहकारिता विभाग की ओर से भी किसानों को योजना से जोड़ने और उन्हें समूह के रूप में संगठित कर लाभ दिलाने की पहल लगातार जारी है। आने वाले समय में हम और अधिक किसानों को इस सुरक्षा कवच से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को प्राकृतिक आपदा, सूखा, बाढ़ और ओलावृष्टि जैसी विपरीत परिस्थितियों से सुरक्षा प्रदान करती है। यह योजना किसानों को भविष्य की अनिश्चितताओं से बचाने का भरोसा देती है। बड़ी संख्या में किसानों का इससे जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि अब किसान अपने भविष्य के प्रति अधिक सजग और जोखिम प्रबंधन के प्रति गंभीर हो रहे हैं।

जिले कि यह उपलब्धि आने वाले समय में कृषि क्षेत्र के लिए नई दिशा तय करेगी। यह साबित करती है कि यदि किसान और प्रशासन मिलकर काम करें तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं है। चतरा का यह प्रदर्शन न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य के लिए प्रेरणादायी है और यह संदेश देता है कि संगठित प्रयासों से बड़े बदलाव संभव हैं।

टॉपर्स का सम्मानः मुख्यमंत्री ने छात्रों को दिया

# स्कूटी,लैपटॉप, मोबाइल और तीन लाख रुपया

संवाददाता

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल के वर्ष 2025 के मैट्रिक-इंटर के तीनों संकायों के टॉपरों को सम्मानित किया। टॉपर्स को सम्मानित करते हुए सुजुकी की 125 सीसी की स्कूटी लैपटॉप, मोबाइल और 3 लाख रुपये का चेक दिया गया। जैक बोर्ड के अलावा अन्य बोर्ड के टॉपरों को भी सम्मानित किया गया।

इस समारोह में नव नियुक्त पीजीटी शिक्षकों, सहायक आचार्य (गणित व विज्ञान) और लैब सहायकों को नियुक्ति पत्र भी दिये गये। सम्मान समारोह में सीएम हेमंत सोरेन समेत वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, राज्यसभा सांसद महुआ माझी और श्रम नियोजन प्रशिक्षण मंत्री संजय प्रसाद यादव मौजूद रहे।



इस सम्मान समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए हम हर मुमकिन प्रयास कर रहे हैं। बच्चों को आर्थिक सहायता के साथ ही समय की जरुरत के अनुसार लैपटॉप और मोबाइल फोन दिया जा रहा है। अपने संबोधन में सीएम ने आज एक बड़ी घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रतिष्ठित स्कूलों में से एक नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अब केवल छात्र ही नहीं बल्कि छात्राएं भी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी।

सीएम ने बताया कि झारखंड ऐसा पहला राज्य है जो बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए विदेशों में पढ़ाई करने के लिए स्कॉलरशिप प्रदान करता है। इस स्कॉलरशिप में राज्य करोड़ों रुपये खर्च करती है। उन्होंने कहा कि अगर छात्र सफलता की ओर एक कदम चलेंगे, तो हम उन्हें दस कदम चलने के लिए सहयोग करेंगे।

## आरबीआई निदेशक पहुंचे मान्डर ग्रामीणों को मिली बैंकिंग सुविधा



मेट्रो रेज

**रांची/ मांडरः** प्रखंड के सुरसा व बंझीला पंचायत में वित्तीय समावेशन एवं पुनः-केवाईसी शिविर आयोजित हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक, झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने शिविर का निरीक्षण कर समय पर केवाईसी पूरी करने व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने का आग्रह किया।शिविर में बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक असीम कुमार, इंडियन बैंक के उप-आंचलिक प्रबंधक मनीष कुमार तथा साख फाउंडेशन के सचिव मनोज सिंह सहित कई बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान 2200 से अधिक खातों का पुनः-केवाईसी हुआ और अनेक लोगों का बीमा व पेंशन योजनाओं में नामांकन किया गया।

## रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के उपाध्यक्ष बने लखपति साहू



मेट्रो रेज

**रांचीः** रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति की एक बैठक बिहार क्लब में हुई। जिसमें पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमे समिति अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू को बनाया गया तो डॉक्टर अजीत कुमार सहाय को संयोजक बनाया गया। लखपति साहू को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया । इस अवसर पर लखपति साहू ने कहा कि मुझे जो भी दायित्व दिया गया मैं उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करुंगा और किस तरह को पूजा को भव्य बनाया जाए उसे पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा । लखपति साहू ने कहा कि इस बार रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति द्वारा शहर के सभी पूजा पंडालों में रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के वालंटियर तैनात रहेंगे।

राज्यपाल से मिले राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश

## सूर्या हांसदा की हत्या मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग

मेट्रो रेज

रांचीः भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश झारखंड के राज्यपाल से मिले। इस दौरान उन्होंने आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की पुलिस प्रशासन द्वारा फर्जी मुड़भेड़ में की गई हत्या मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की।

श्री प्रकाश ने राज्यपाल को अवगत कराते हुए कहा कि यह मामला केवल एक परिवार की पीड़ा तक सीमित नहीं है, बल्कि हजारों गरीब, असहाय और वंचित बच्चों के भविष्य से भी जुड़ा है जिन्हें स्व। सूर्या हांसदा शिक्षा और संस्कार प्रदान कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि स्व। सूर्या हांसदा के परिवार द्वारा दिए गए विवरण से स्पष्ट है कि एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत पहले



उन्हें पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तार की, रातभर अमानवीय यातनाएँ दीं और तत्पश्चात एक फर्जी मुठभेड़ की कहानी गढ़कर उनकी हत्या कर दी गई। उनकी केवल यही गलती थी कि वे गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देते थे, अवैध खनन का विरोध करते थे तथा धर्मांतरण और घुसपैठियों के खिलाफ आवाज उठाते थे।

श्री प्रकाश ने महामहिम को बताया कि राज्य सरकार ने इस मामले की जांच सीआईडी झारखंड को सौंप दी है। जबकि जिस थाना के पुलिस अधिकारियों पर हत्या का आरोप है वे आज भी उसी थाने में पदस्थापित हैं। ऐसी स्थिति में निष्पक्ष जांच की उम्मीद करना व्यर्थ है। यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि राज्य सरकार दोषी पुलिसकर्मियों और षड्यंत्रकारियों को बचाने का प्रयास कर रही है तथा फर्जी मुठभेड़ से जुड़े साक्ष्यों को मिटाने की कुप्रयास भी हो रही है।

श्री प्रकाश ने महामहिम से सादर अनुरोध करते हुए मांग की है कि जिन अधिकारियों पर इस कांड में संलिप्त होने का गंभीर आरोप है तथा जिन्हें जनता भी संदिग्ध मानती है, उन्हें अविलंब वर्तमान जिले से अन्यत्र पदस्थापित किया जाए ताकि इस मामले की न केवल जांच प्रक्रिया में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न होने से रोका जा सकेगा, बल्कि साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ अथवा उन्हें नष्ट किए जाने की आशंका भी समाप्त होगी तथा प्रभावित परिवार एवं आमजन पर जो भयादोहन उन अधिकारियों के द्वारा निरंतर जारी है वह भी रुक सकेगा।

उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता का यह दृढ़ विश्वास है कि सीआईडी द्वारा की जा रही जांच केवल लीपापोती है और इसी कारण संबंधित अधिकारियों को यथास्थान पदस्थापित रखा गया है। ऐसी स्थिति में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता केवल तभी सुनिश्चित हो सकती है जब इस प्रकरण की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जाए। तभी दूध का दूध और पानी का पानी होने की वास्तविक संभावना है।

## भाजपा नेता रमेश सिंह को मिली धमकी पीएलएफआई के नाम से मांगी गई रंगदारी



संवाददाता

**रांचीः** झारखंड बीजेपी कार्य समिति के सदस्य रमेश सिंह को फोन पर धमकी मिली है। रंगदारी नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। रमेश सिंह ने सुखदेव नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई करने और सुरक्षा की मांग की है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। उन्हें मोबाइल नंबर 9474667147 से धमकी भरा फोन आया था।

पीएलएफआई संगठन के नाम पर आया फोनः रमेश सिंह ने पुलिस को बताया कि 1 सितंबर को दोपहर 2:16 बजे मोबाइल नंबर 9474667147 से फोन आया था। रिसीव करने पर एक शख्स ने कहा कि वो पीएलएफआई संगठन से बोल रहा है। अगर आपको व्यवसाय करना है तो संगठन को मदद करना होगा। ऐसा नहीं करने पर अंजाम भुगतना होगा। यह बॉस का आदेश है। भाजपा नेता ने पुलिस को लिखे गए आवेदन में इस बात का जिक्र किया है कि पूर्व में भी उनको इस तरह की धमकी मिल चुकी है।

भाजपा नेता रमेश सिंह रातू रोड के शिवपुरी इलाके में रहते हैं। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर दिलचस्पी लेते हैं। अल्बर्ट एक्का चौक के पास पूजा का आयोजन करने वाले चंद्रशेखर आजाद क्लब से भी जुड़े हुए हैं।यहां भव्य तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन होता है। अक्सर बड़े-बड़े कलाकारों को आमंत्रित कर कार्यक्रम का आयोजन कराते रहते हैं। सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहते हैं, लेकिन पीएलएफआई के नाम पर उनको मिली धमकी से भाजपा नेताओं ने विधि व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–टेण्डर निविदा सूचना (दोहरी पेकेट)**

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)–तृतीय, उ. प. रेलवे, जयपुर द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई–निविदा का ऑन लाईन ई–टेण्डर आमंत्रित किया जाता हैं। निविदाकार अपना मूल / परिवर्तित प्रस्ताव ई.–निविदा बंद होने की तारीख व समय से पूर्व ऑन लाईन भर दें। **1. ई–टेण्डर नोटिस संख्याः एनडब्ल्यूआर–एससी–सिविल–13641940R 2. कार्य का नाम व लोकेशनः** उत्तर पश्चिम रेलवे के सांगानेर (जयपुर) रेलवे स्टेशन का प्रमुख उन्नयन। **3. अनुमानित लागतः** रूपये 84,56,14,857.26 **4. धरोहर राशिः** रूपये 43,78,100.00 **5. कार्य पूरा होने की अवधिः** 24 (चोबीस) माह **6. ई–टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समयः** 23/09/2025 को 15–00 बजे तक **7. वेबसाईट का विवरणः www.ireps.gov.in नोटः–** कोई भी मैन्युवल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा। **1106-AJ/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


राज्यपाल से मिला आजसू पार्टी का प्रतिनिधिमंडल

## जनगणना में कुड़मी जाति व कुड़माली भाषा का हो कॉलम : डॉ लंबोदर महतो



मेट्रो रेज

**रांचीः** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार से मिलकर उनका ध्यान कुड़मालि भाषा के संवर्धन ,संरक्षण व विकास की ओर आकृष्ट कराया। उन्होंने उनसे जनगणना में जनजाति नाम कुड़मि एवं भाषा नाम कुड़मालि हेतु कॉलम करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कुड़मालि भाषा को 8वीं अनुसूची में व कुड़मि को जनजाति सूची में शामिल करने की भी मांग की है। उन्होंने राजभवन में राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया कि झारखंड में कुड़मालि भाषा बोलने वालों की संख्या 70 प्रतिशत से ज्यादा है। यहां की जनजाति कुड़मि की मातृभाषा अतिप्राचीन काल से रही है। लेकिन अति दुःख की बात है कि 1951 की जनगणना से ही इसका कोड विलुप्त कर दिया गया। उन्होंने राज्यपाल से कुड़मालि भाषा-साहित्य में नेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण किए हुए छात्रों को पीएचडी में पंजीकरण बनवाने में आ रही विसंगतियों पर चर्चा करते हुए सात बिन्दुओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हूए उनसे छात्र हित में कुड़मालि विषय में नेट/जेआरएफ पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को रांची विश्वविधालय के मानविकी संकाय (संस्कृत, हिन्दी, बांग्ला, दर्शन शास्त्र, अंग्रेजी, उर्दू आदि सभी विषयों ) के शिक्षक/शिक्षिका के शोध निर्देशन में पीएचडी शोध कार्य करने और धनबाद स्थित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में सह निर्देशक की अनिवार्यता को शिथिल करते

हुए केवल मानविकी संकाय के शोध निर्देशक के बदौलत कुड़माली विषय में पीएचडी शोध कार्य करने की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया। राज्यपाल से मिलने वालों में दीपक पुनअरिआर, डॉ उषा किरण, जगदानंद महतो, मुकेश महतो, आयुष नंदन, अभिषेक कुमार एवं मुकेश कुमार महतो शामिल थे।

वोटर अधिकार रैली में बोले सीएम हेमंत

## मतदाता सूची बीजेपी की इच्छा के अनुसार की जा रही तैयार, छीने जा रहे लोगों के अधिकार



**रांची/पटनाः** बिहार में कांग्रेस की 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन पर पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर लोगों के अधिकार छीन रही है और मतदाता सूची सत्तारूढ़ गठबंधन की इच्छा के अनुसार तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राजग सरकार ह्यफूट डालो और राज करो' की नीति अपना रही है। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन को सत्ता से बेदखल करने के लिए इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन के घटक दलों से एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा के राज्य सरकारों को गिराने के लिए वोट चोरी' करने और विधायकों की खरीद-फरोख्त में लिप्त होने की बात कही।

सोरेन ने कहा, ह्यह्यभाजपा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों का विपक्षी नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल कर रही है।'' उन्होंने जोर देकर कहा, ह्यह्यहमारा वोट हमारे संविधान की रक्षा करता है।''


**जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय,खूँटी**

**आवश्यक सुचना**

जिला अंतर्गत घटित सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश से खूँटी जिला अंतर्गत परिचालित सभी वाहन चालक एवं वाहन स्वामी को निदेश दिया जाता है कि वाहनों में नियमानुसार Light/Indicator/ Reflective Tape का अधिष्ठापन अनिवार्य रूप से कराना सुनिशचित करें ताकि मार्ग में चल रहे अन्य चालको को किसी प्रकार कि परेशानी का सामना ना करना पड़े। इसके साथ ही बालू, चिप्स, बोल्डर तथा डस्ट ले कर वाहन परिचालित कर रहे वाहन चालक एवं वाहन स्वामी को निदेश दिया जाता है कि वाहन के परिचालन के क्रम में बालू, चिप्स, बोल्डर तथा डस्ट के ऊपर प्लास्टिक अथवा तिरपाल से ढक कर वाहन का परिचालन करें ताकि इस कारणवश होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उपर्युक्त निदेशो के उल्लंघन कि स्थिति में मोटरवाहन अधिनियम अंतर्गत नियमानुसार कारवाई की जाएगी।

जिला परिवहन पदाधिकारी
खूँटी

PR 360989 District(25-26)D


## ज्वेलरी शॉप से 20 लाख के गहनों की चोरी

संवाददाता

**हजारीबागः** राज्य में चोरों ने आतंक मचाया हुआ। चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला हजारीबाग से सामने आया है जहां सोमवार देर रात ज्वैलरी शॉप से चोर 20 लाख के गहने और नकदी चुरा फरार हो गए। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें



चोर साफ तौर पर वारदात को अंजाम देते हुए नजर आ रहे है। मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने बरकट्ठा में बैंक ऑफ इंडिया के पास स्थित ज्योति ज्वेलर्स में वारदात को अंजाम दिया है। घटना के संबंध में ज्वैलरी शॉप के मालिक ने जानकारी देते हुए बताया कि वह सोमवार रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। मंगलवार सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे, तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ था और अंदर उच्च सुरक्षा वाला लॉकर भी टूटा हुआ था। उन्होंने बताया कि करीब 20 लाख रुपए की चोरी होने का अनुमान है। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।


**कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची**

**आवश्यक सूचना (द्वितीय चरण)**

**निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर.टी.ई). के अंतर्गत सत्र 2025–26 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत शेष रिक्त सीटों पर द्वितीय चरण द्वारा ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करने के संबंध में**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (C) एवं विभागीय अधिसूचना संख्या 237 दिनांक 16.02.16 एवं कार्यालय पत्रांक 1120 दिनांक 11.04.2025 के आलोक में अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के नामांकन के प्रथम चरण की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। प्रथम चरण के नामांकन के पश्चात् विद्यालयों में कुछ सीटें रिक्त रह गयी है। रिक्त सीटों पर द्वितीय चरण में नामांकन किया जाना है।

इस हेतु निम्नांकित निदेश दिये जाते हैं:

- नामांकन की पूरी प्रक्रिया जिले के वेबसाईट www.rteranchi.in पर ऑनलाइन की जायेगी।
- संबंधित विद्यालयों के लिए द्वितीय चरण में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक 03.09.2025 से 10.09.2025 तक किया जा सकेगा ।
- द्वितीय चरण में नामांकन हेतु केवल वैसे अभ्यर्थी भाग लेंगे जिसने पूर्व में आवेदन किया हो एवं जाँचोपरांत आवेदन पत्र योग्य पाया गया हो। नये अभ्यर्थी के द्वारा आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
- वेबसाइट पर विद्यालयवार रिक्त सीटों का विवरण अंकित है। अभ्यर्थी /अभिभावक के द्वारा पड़ोस के (क्रमशः 01 कि.मी., 03 कि.मी. एवं अंततः 06 कि.मी. दूरी सीमा तक) विद्यालय का चयन कर आवेदन करना है।
- प्रत्येक अभ्यर्थी /अभिभावक को अपने Login id से संबंधित वेबसाइट पर केवल एक विद्यालय का चयन करना होगा जहाँ सीटें रिक्त हो एवं संबंधित विद्यालय से अपने घर की दूरी कि0मी0 में अंकित कर आवेदन Submit करनी होगी।
- उपरोक्त अंकित दूरी के अनुसार द्वितीय चरण के ऑनलाइन लॉटरी की प्रक्रिया दिनांक 13.09.2025 को जिला समाहरणालय में पूर्ण की जायेगी।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी, RTE, राँची

PR 360987 Human Resource Developement(25-26)#D

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## संभावनाओं भरी मुलाकात

संघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर तियानजिन में हुई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात से भारत में उत्साह का माहौल है। यह मुलाकात द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों पर ही अधिक केंद्रित रही। पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध के बाद से ही दोनों देशों के संबंधों में इतना तनाव आ गया था कि मोदी और शी की मुलाकात से ही उम्मीदें जगने लगती है। मोदी 2020 में हुए इस विवाद के बाद पहली बार चीन पहुंचे हैं। हालांकि दोनों नेता पिछले साल रूस के कजान में भी मिले थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड् ट्रंप के छेड़े.टैरिफ युद्ध' से मची उथल-पुथल के बीच बेहद सावधानी से हुए संवाद में दोनों नेताओं ने खूब अच्छी अच्छी बातें कहीं। मोदी ने कहा कि भारत आपसी विश्वास, सम्मान एवं संवेदनशीलता के आधार पर चीन के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि सीमा प्रबंधन पर भी एक समझौते पर पहुंच गए हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू हो गई है। दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें भी फिर से शुरू हो रही हैं। विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा अस्थिरता को देखते हुए, दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के रूप में भारत और चीन का विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए मिलकर काम करना महत्वपूर्ण है। वहीं चीन के राष्ट्रपति शी शिनफिंग ने एक कदम आगे बढ़कर कहा कि दोनों देशों का मित्र' बनना सही विकल्प है तथा हाथी (भारत) एवं ड्रैगन (चीन)' को एक- दूसरे की सफलता का मिलकर जश्न मनाना चाहिए। चीन और भारत एक-दूसरे के लिए खतरा नहीं बल्कि विकास के अवसर हैं। दुनिया इस समय ऐसे बदलावों से गुजर रही है जो सदी में एक बार होते हैं। मोदी और शी की मुलाकात पर सवाल भी उठे हैं। कांग्रेस का कहना है कि सेना प्रमुख ने लद्दाख में सीमा पर यथास्थिति की पूर्ण बहाली की मांग की थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। और मोदी सरकार चीन के साथ सुलह की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इससे उस क्षेत्र में चीन की आक्रामकता को अप्रत्यक्ष रूप से वैधता मिल गई है। लगता है इसी साल ,ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के साथ चीन की जुगलबंदी को क्या हमने भुला दिया है। कुल मिलाकर जहां यह माना जा रहा था कि यह मुलाकात ट्रंप को करारा जवाब देने का मार्ग प्रशस्त करेगी तो इस बारे में साफझ्रसाफ कोई रणनीति नहीं बनी है। कारण यह कि भारत रूस-चीन को साधना चाहता है तो अमेरिका को भी।

## पीएम का ट्रंप को संदेश

**प्रधानमंत्री** मोदी ने अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप का नाम नहीं लिया, लेकिन संरक्षणवाद, एकाधिकारवाद और वर्चस्ववाद के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने इनके खात्मे की बात कही, क्योंकि वैश्विक, लोकतांत्रिक, कूटनीतिक व्यवस्था में ये उचित नहीं हैं। यकीनन प्रधानमंत्री मोदी का संदेश व्हाइट हाउस तक पहुंच गया होगा, क्योंकि प्रधानमंत्री ने अमेरिका की नीतियों पर कड़े प्रहार किए थे। इसके अलावा, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि अमेरिका को शीत युद्ध वाली मानसिकता छोड़ देनी चाहिए। अमेरिका दूसरे देशों को धमकाना भी छोड़ दे। विश्व के परिदृश्य और समीकरण बदल रहे हैं। सोमवार, 1 सितंबर, 2025 का सबसे महत्वपूर्ण और आकर्षक चित्र मोदी, पुतिन, जिनपिंग की अंतरंग मुलाकात का रहा, जिसे क्रेमलिन और बीजिंग ने भी जारी किया। भारत के टीवी चैनलों पर सुबह के प्रसारण में यह वीडियो छाया रहा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की द्विपक्षीय वार्ता भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि मोदी, पुतिन, जिनपिंग की मुलाकात संक्षिप्त थी, लेकिन व्हाइट हाउस को चौंका दिया गया। बेशक भारत और रूस कई दशक पुराने मित्र देश हैं, लेकिन भारत-चीन के संबंधों में कई विरोधाभास और विश्वासघात हैं। उनके बावजूद शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मंच पर तीन शीर्ष नेताओं की दोस्ती के नए अध्याय ने बहुत कुछ कह दिया है।

हालांकि 50-52 साल के राजनय का अनुभव रखने वाले कूटनीतिज्ञों का मानना है कि एससीओ कभी भी नाटो का विकल्प नहीं हो सकता। नाटो में कई बड़े देश शामिल हैं और उसे अमेरिका जैसी महाशक्ति का समर्थन भी हासिल है। नाटो का संकल्प है कि यदि एक सदस्य-देश पर हमला हुआ, तो उसका प्रतिकार सभी नाटो देश लेंगे। सभी सदस्य-देश युद्ध में कूद पड़ेंगे। नाटो के देश आपस में कई सूचनाएं (खुफिया भी) साझा करते हैं। आर्थिक और सामाजिक रूप से भी जुड़े रहते हैं, लेकिन एससीओ में भारत, रूस, चीन के अलावा अधिकांश देश छोटे और विकासशील हैं। कुछ देश गरीब भी हैं, जिनकी जिंदगी कर्ज के भरोसे है। एससीओ में ऐसा कोई साझा संकल्प पारित नहीं किया गया है, जैसा नाटो के देशों ने पारित किया है। राजनयिकों का मानना है कि यदि भारत, रूस, चीन का एक ईमानदार त्रिकोण बनता है, तो वह अमेरिका के लिए वाकई गंभीर चुनौती होगा, लेकिन इन देशों को हकीकत में संबंधों को बदलते और प्रगाढ़ होते दिखाना होगा। फिलहाल कोई बड़ी उम्मीद नहीं करनी चाहिए। बहरहाल यह सबसे अधिक आश्चर्यजनक रहा, जब चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद का विरोध किया। उन्होंने आतंकवाद का तीन बार उल्लेख किया और 5000 जवानों का आतंकवाद निरोधी दस्ता तैयार करने की पेशकश की। प्रधानमंत्री मोदी ने 7 बार आतंकवाद का जिक्र किया। इसी मुद्दे पर एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में साझा बयान तैयार नहीं किया जा सका था, क्योंकि आतंकवाद का मुद्दा गायब था और हमारे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया था। अब जिनपिंग ने आतंकवाद का मुद्दा खास तौर पर रखा है, बल्कि आतंकवाद पर भारत का सहयोग करने का आश्वासन भी दिया है। दुनिया जानती है कि चीन और पाकिस्तान के संबंध कैसे हैं? ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमारे उप सेना प्रमुख जनरल राहुल आर. सिंह ने एक सार्वजनिक मंच से कहा था कि पाकिस्तान के साथ लड़ाई दिखावटी थी। हालांकि हमें चीन से संघर्ष करना पड़ा था और हमने चीन को भी पराजित करके दिखाया। पाकिस्तान पर चीन का अरबों डॉलर का कर्ज है। इकॉनोमिक कॉरिडोर भी बनाया जा रहा है। एससीओ में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी शामिल थे। यह दीगर है कि प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने उन्हें पूरी तरह अनदेखा किया। जिनपिंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी की लंबी बातचीत से स्पष्ट हुआ है कि भारत रणनीतिक स्वायत्तता के पक्ष में है। चीन ने अपना रवैया बदल कर सहयोगात्मक करने का वायदा किया है।

# भारत को स्वदेशी के साथ आगे बढ़ना चाहिए

> अध्ययन सही ही सिफारिश करता है कि भारत को अनुसंधान और विकास में सार्वजनिक निवेश को दोगुना करके सकल घरेलू उत्पाद का 2 फीसदी करना चाहिए, यह एक आवश्यक कदम है यदि हमें सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और अगली पीढ़ी की तकनीकों में नवाचार की खाई को पाटना है। यह सरकार के भीतर एक समर्पित चीन आर्थिक जोखिम निगरानी इकाई- जो जोखिमों का पूवार्नुमान लगाने, चीनी प्रथाओं पर नजर रखने और सक्रिय नीति निर्धारण को सूचित करने के लिए एक संस्थागत तंत्र- की भी मांग करता है। दोनों ही जरूरी और आवश्यक हैं।

**डा. अश्विनी महाजन**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से स्पष्ट शब्दों में कहा : स्वदेशी को अपनाने का समय आ गया है। जो मेक इन इंडिया से शुरू हुआ, आत्मनिर्भर भारत के आह्वान में विकसित हुआ, अब स्वदेशी के गहन और समग्र विचार की ओर बढ़ रहा है। यह केवल एक नारा नहीं है। यह एक सभ्यतागत अनिवार्यता है। यह सही है कि भारत चीन की उपेक्षा नहीं कर सकता, लेकिन उस पर भरोसा भी नहीं कर सकता। बीजिंग के साथ हमारा व्यापार घाटा हर साल 100 अरब डॉलर को पार कर जाता है। वर्तमान में, हमारे दो-तिहाई से ज्यादा सौर मॉड्यूल, हमारी 70 फीसदी से ज्यादा दवा सामग्री और अरबों डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स सीमा पार से आते हैं। ये सिर्फ संख्याएं नहीं हैं, ये कमजोरियां हैं। चीनी बंदरगाहों से आने वाला हर कंटेनर जहाज चीन पर हमारी निर्भरता की याद दिलाता है। इसी संदर्भ में, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आगामी चीन यात्रा को देखा जाना चाहिए। उनकी वहां उपस्थिति कोई रियायत नहीं, एक बयान है। भारत बातचीत करेगा, लेकिन स्पष्टता और विश्वास की स्थिति से। बातचीत का मतलब निर्भरता नहीं है। बातचीत का मतलब राष्ट्रीय हितों को कमजोर करना नहीं है। संदेश सीधा है : भारत जहां तक संभव हो, सहयोग चाहता है, लेकिन अपनी आर्थिक संप्रभुता से कभी समझौता नहीं करेगा। हाल के अध्ययन, जिनमें अंतरराष्ट्रीय आर्थिक समझ परिषद (सीआईईयू) द्वारा तैयार भारत के भू-आर्थिक ढांचे में चीन अध्ययन के लिए रणनीतिक अनिवार्यता भी शामिल है, इस खतरे को रेखांकित करते हैं।

ये अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे चीन का राज्य-प्रधान मॉडल- औद्योगिक अति-क्षमता, डंपिंग, सबसिडी और वित्तीय इंजीनियरिंग- बाजारों को विकृत करता है और भारत के विनिर्माण आधार के लिए खतरा पैदा करता है। ये अध्ययन फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्वच्छ ऊर्जा में चीनी इनपुट पर हमारी खतरनाक निर्भरता की ओर भी इशारा करते हैं, और चेतावनी देते हैं कि संकट के समय ऐसी महत्वपूर्ण वस्तुओं तक पहुंच को आसानी से हथियार बनाया जा सकता है। ये जानकारियां एक बात बिल्कुल स्पष्ट करती हैं : भारत प्रतिक्रियात्मक रुख नहीं अपना सकता, उसे स्वदेशी पर आधारित एक सक्रिय सिद्धांत अपनाना होगा। चीन के दृष्टिकोण के विपरीत, स्वदेशी साम्राज्यवादी नहीं है। यह ऋण या जबरदस्ती के माध्यम से दूसरों पर हावी होने की कोशिश नहीं करता। हमारा स्वदेशी वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया एक परिवार है) के सिद्धांत पर आधारित है। हमारा दृष्टिकोण देश में आत्मनिर्भरता और विदेश में निष्पक्ष, सहयोगात्मक साझेदारी का है। यह भारत में न केवल अपने लिए बल्कि विश्व के लिए भी उत्पादन करने के बारे में है, जो लचीलेपन और सम्मान को मजबूत करता है। वैश्विक स्तर पर, स्थिति बदल रही है। टैरिफ का हथियारीकरण, जो ट्रम्प की पहली पारी में स्पष्ट हुआ और अब वैश्विक व्यापार का एक अभिन्न अंग बन गया है, ने सरकारों और व्यवसायों को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। विभिन्न क्षेत्रों में, कंपनियां चीन के विकल्प तलाश रही हैं। जहां कई लोग इसे चीन प्लस वन कहते हैं, वहीं भारत को एक बड़े विचार को आगे बढ़ाना होगा : भारत प्लस अनेक। भारत के पास विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और सेवाओं का एक विश्वसनीय केंद्र बनने के लिए पर्याप्त पैमाना, प्रतिभा और सभ्यतागत लोकाचार है। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए, हमे घरेलू क्षमताओं को और मजबूत करना होगा।

सरकार ने पहले ही महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, हाल ही में शुरू किया गया राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन, और व्यापार धोखाधड़ी को रोकने के लिए नियमों में संशोधन। येउपाय, आसियान मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के भीतर भारत की पुनर्वार्ता और यूरोपीय संघ के साथ नए जुड़ाव के साथ, व्यापार नीति को राष्ट्रीय हित के अनुरूप बनाने की इच्छा को दर्शाते हैं। लेकिन अभी और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। सीआईईयू अध्ययन सही ही सिफारिश करता है कि भारत को अनुसंधान और विकास में सार्वजनिक निवेश को दोगुना करके सकल घरेलू उत्पाद का 2 फीसदी करना चाहिए, यह एक आवश्यक कदम है यदि हमें सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और अगली पीढ़ी की तकनीकों में नवाचार की खाई को पाटना है। यह सरकार के भीतर एक समर्पित चीन आर्थिक जोखिम निगरानी इकाई- जो जोखिमों का पूवार्नुमान लगाने, चीनी प्रथाओं पर नजर रखने और सक्रिय नीति निर्धारण को सूचित करने के लिए एक संस्थागत तंत्र- की भी मांग करता है। दोनों ही जरूरी और आवश्यक हैं।

साथ ही, स्वदेशी सिद्धांत- आधारित साझेदारी का आह्वान करता है। चाहे क्वाड, आसियान, अफ्रीका या लैटिन अमेरिका के माध्यम से, भारत को एक वास्तविक बहुध्रुवीय आर्थिक व्यवस्था बनाने के लिए समान विचारधारा वाले देशों के साथ काम करना चाहिए। इसी तरह भारत प्लस 1 की परिधि से अनेक के केंद्र की ओर बढ़ सकता है। जब प्रधानमंत्री मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन की यात्रा कर रहे हैं, तो वे भारत के वार्ता संबंधी दायित्व से कहीं अधिक लेकर गए।

**वे भारत का संदेश लेकर गए :** हमारा स्वदेशी सीमित नहीं है, यह व्यापक है। यह हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है, हमारे लोगों को सशक्त बनाता है, और एक अधिक न्यायसंगत विश्व व्यवस्था में योगदान देता है। ऐसे दौर में जब व्यापार हथियार बन गया है और आपूर्ति श्रृंखलाएं युद्धक्षेत्र बन गई हैं, भारत का रुख दृढ़ होना चाहिए- हम बातचीत करेंगे, लेकिन हमेशा अपनी शर्तों पर। दुनिया को दूसरे चीन की जरूरत नहीं है। दुनिया को भारत की जरूरत है, एक ऐसे भारत की जो स्वदेशी में निहित हो और वसुधैव कुटुंबकम के मार्ग पर चलता हो। स्वदेशी वह नारा है, जो आजादी की लड़ाई के दौरान भी दिया गया था। इसी हथियार से हम आत्मनिर्भर हो सकते हैं। यह भारत और इस देश के सभी लोगों और समुदायों को मजबूत करेगा। इसलिए स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लेना चाहिए।

# ट्रंप को जवाब देती भारत की आर्थिकी

> पूरी दुनिया में भारत के सेवा निर्यात को तेज रफ्तार से बढ़ाना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से 385 अरब डॉलर का सेवा निर्यात किया गया, अब इस वर्ष भारत को 450 अरब डॉलर का लक्ष्य पाने की दिशा में रणनीतिक रूप से आगे बढ़ाना होगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत और अमरीका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) और अंतरिम व्यापार समझौते के लिए संवाद बनाए रखना होगा। 27 अगस्त को नया टैरिफ लागू होने के बाद भी भारत- अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता आगे बढ़ी है। अमेरिका ने कहा कि दोनों देश साथ आएंगे और व्यापार वार्ता से विश्वास बहाल होगा।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

**यकीनन** इन दिनों पूरी दुनिया आश्चर्य के साथ देख रही है कि जब अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ हथियार के डर से दुनिया के अधिकांश देश अमेरिका के सामने झुकते हुए उसकी व्यापार शर्तों को मानते हुए दिखाई दे रहे हैं, तब भारत अमेरिका के साथ कारोबार समझौते के तहत अपने करोड़ों किसानों और मछुआरों के हितों के मद्देनजर अमेरिका के सामने बिना झुके अपनी शर्तों के साथ अडिग खड़े हुए है और तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप को जवाब दे रही है। 29 अगस्त को प्रकाशित वित्त वर्ष 2025-26 के तहत अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। एक साल पहले, अप्रैल-जून 2024 की तिमाही में यह आंकड़ा 6.5 फीसदी था। इसी परिप्रेक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। गौरतलब है कि ट्रंप के द्वारा 27 अगस्त से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से भारत से होने वाले निर्यात और भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव से निपटने के लिए रणनीतिक तैयारी का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। 29 अगस्त को वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार टैरिफ चुनौती के मद्देनजर कई उपायों की तैयारी कर रही है। चूंकि ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तु निर्यात का करीब 55 फीसदी यानी करीब 48 अरब का निर्यात प्रभावित हो सकता है।

पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने अपने कुल निर्यात का पांचवां हिस्सा यानी करीब 86.5 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का अमरीका को निर्यात किया था। ऐसे में भारत के निर्यातकों के सामने कुछ चुनौतियां खड़ी होती हुई दिखाई दे रही हैं। इसमें भी कोई दो मत नहीं है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे शुल्क और वैश्विक अनिश्चितताओं का असर इस वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू निजी निवेश पर पड़ सकता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार करार नहीं होने की स्थिति में कुछ क्षेत्रों को कुछ प्रभाव के लिए तैयार रहना होगा, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम क्षेत्र को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि हाल ही में अमरीकी ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि अमरीका के द्वारा भारत पर 50 फीसदी ऊंचे टैरिफ लगाने से भारत की आर्थिक तरक्की पर कोई खास असर नहीं होगा और भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति बनाए रखेगी। भारत की सॉवरेन रेटिंग का नजरिया अभी भी सकारात्मक बना रहेगा। चूंकि भारत एक निर्यात-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है, ऐसे में भारत को टैरिफ संबंधी ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। इसी तरह मॉर्गन स्टैनली रिसर्च के एक विश्लेषण में कहा गया है कि भारत की घरेलू मांग मजबूत होने के कारण अमेरिका द्वारा भारत से निर्यात पर ऊंचे टैरिफ लागू किए जाने से विकास दर पर आधा फीसदी से भी अधिक असर होगा। ऐसे में भारत के द्वारा ट्रंप टैरिफ के मुकाबले के लिए छह सूत्रीय रणनीति जरूरी दिखाई दे रही है। एक, नए निर्यात बाजार में कदम रखे जाएं। दो, तेज बढ़ते घरेलू बाजार व अनुकूल आर्थिक परिदृश्य से विकास दर बढ़ाई जाए। तीन, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाए। चार, स्वदेशी अपनाएं। पांच, सेवा निर्यात बढ़ाएं और छह, अमेरिका के साथ व्यापार संवाद लगातार कायम रखा जाए। यह बात महत्वपूर्ण है कि भारत ने निर्यातकों को सहारा देने की नई रणनीति सुनिश्चित की है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 40 देशों में विशेष संपर्क कार्यक्रम चलाने की योजना बनाई है। इस पहल के तहत ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन, नीदरलैंड, पोलैंड, कनाडा, मेक्सिको, रूस, बेल्जियम, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और आस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देशों को शामिल किया गया है। सरकार अमेरिका से इतर अन्य देशों से मित्रता मजबूत कर रही है। 29-30 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के साथ मैत्री का अध्याय मजबूत किया और टोक्यो में ऐलान किया कि जापानी तकनीक और भारतीय टेलेंट दुनिया को बदल देंगे। भारत के द्वारा चीन और रूस के साथ भी विदेश व्यापार के नए अध्याय आगे बढ़ाए जा रहे हैं। ट्रंप टैरिफ से मुकाबले के लिए ऐसे उपायों के साथ-साथ भारत ने सरल कर व्यवस्था और लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाकर घरेलू खपत बढ़ाने की योजना बनाई है। भारत घरेलू खपत बढ़ाकर कुछ हद तक अमेरिकी व्यापार में हुए नुकसान की भरपाई कर सकता है। वैश्विक व्यापार में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच भारत को बचाने में भारत की घरेलू खपत अहम भूमिका निभा रही है। पिछले वर्ष 2024 में भारत का खुदरा बाजार 1060 अरब डॉलर का था, यह सालाना 10 फीसदी की दर से बढ़ते हुए 2030 तक 1930 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निःसंदेह भारत एफटीए की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ईएफटीए, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ किए गए एफटीए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत को यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए से मजबूत लाभ हुआ है। यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। हाल ही में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री ने राज्यसभा में बताया कि भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और इस वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। इससे भारत के लिए दुनिया का एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार खुल जाएगा। विगत 10 जुलाई को भारत में स्विटजरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी ने कहा कि भारत और 4 सदस्य देशों आइसलैंड, स्विटजरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन वाले यूरोपिटन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौता अक्टूबर 2025 से लागू हो जाएगा।

## तृप्त

### चिंतन-मनन

**ओशो**

**तृप्त** घर बुलाने लगी! इन थोड़े- से शब्दों में सारे धर्म का सार है याद घर बुलाने लगी। जहां हम हैं वहां हम तृप्त नहीं। जो हम हैं उससे हम तृप्त नहीं। एक बात निश्चित है कि हम अपने घर नहीं, परदेश में हैं। कहीं अजनबी की भांति भटक गए हैं। कहां जाना है यह भला पता न हो, लेकिन इतना सभी को पता है कि जहां हम हैं, वहां नहीं होना चाहिए। एक बेचैनी है। कुछ भी करो, कितना ही धन कमाओ, कितनी ही पद-प्रतिष्ठा जुटाओ, कुछ कमी है,जो मिटती नहीं। कोई घाव है,जो भरता नहीं। कोई पुकार है जो भीतर कहे ही चली जाती है: यह भी नहीं,यह भी नहीं; कहीं और चलो। खोजो घर। द्वार-द्वार दरवाजे- दरवाजे दस्तक दिए। न मालूम कितने- कितने जन्मों में कितन- कितने ढंग से अपने घर को खोजा है। मगर सारी खोज एक ही बात की है कि कोई ऐसा स्थान हो,जहां तृप्ति हो। कोई ऐसी भावदशा हो, जिसमें कोई वासना न उठती हो। वासना का अर्थ ही है कि जो हम हैं,उसमें रस नहीं आ रहा, कुछ और होना चाहिए। चाह का अर्थ ही है बेचैनी। चाह उठती ही बेचैनी से। कोई अतृप्ति सब तरफ से घेरे है। सब मिल जाता है। फिर भी अतृप्ति वैसी की वैसी बनी रहती है,अछूती, अस्पर्शित। धर्म का जन्म मनुष्य के भीतर इस महत घटना से होता है,बेचैनी की इस घटना से होता है। जैसे परदेश में हैं, जहां न कोई अपनी भाषा समझता, न कोई अपना है। जहां सब संबंध मन के मनाये हुए हैं; वास्तविक नहीं हैं। और जहां पानी का धोखा तो बहुत मिलता है, पानी नहीं मिलता,मृग-मरीचिका है। दूर से दिखाई पड़ता जल का स्रोत पास आते रेत ही रेत रह जाती है। इस भटकाव को हम कहते हैं संसार। इस भटकाव में घर की याद आने लगी तो धर्म की शुरू आत हुई॥। पानी पर तिरता है आईना॥ आंख झिलमिलाने लगी॥ अगर बाहर देख-देखकर ऊब पैदा हो गई हो देख-देखकर देख लिया हो, कुछ देखने जैसा नहीं है, आंख झपकने लगी हो,भीतर देखने का खयाल उठने लगा हो, आंख बंद करके देखने का भाव जगने लगा हो तो हो गई शुरू आत। हाथ भरके देख लिए, जब पाया तब राख से भरे पाया। कभी हीरों से भरा लेकिन हीरे राख हो गए। सोने से भरा, सोना मिट्टी हो गया। संबंधों से भरा,तथाकथित प्रेम से भरा और सब अंततः मूल्यहीन सिद्ध हुआ।

## आपके पत्र

### कैसे हो देवस्थलों का विकास?

केंद्र एवं राज्य सरकारों से अपील है कि हमारे देवस्थलों को पर्यटन के नाम पर विकसित करने के बजाय, केवल पर्यटन स्थलों को इस तर्ज पर विकसित किया जाए। देवस्थलों व लोगों की आस्था से जुड़ी इन जगहों से छेड़छाड़ नहीं की जाए। ये स्थान लोगों की आस्था के प्रतीक हैं, जो लाखों सालों से हम सबकी रक्षा करते आए हैं।

हमारे देवस्थान कोई पर्यटक स्थल नहीं हैं, बल्कि लोग यहां अपने व अपने स्वजनों की कुशलता के लिए और अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए प्रार्थना करने के लिए आते हैं। यहां पहुंचने के लिए हमें सडकें नहीं चाहिए, होमस्टे नहीं चाहिए, होटल नहीं चाहिए, रोपवे नहीं चाहिए, पर्यटक नहीं चाहिए, बल्कि शांति चाहिए, श्रद्धालु चाहिए, आस्था चाहिए और देवी-देवताओं की कृपा चाहिए।

**मनीषा चौधरी, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## डीटीओ ने चलाया स्कूल बसों का जांच अभियान



देवघर : जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार सोमवार को जिला परिवहन पदाधिकारी, देवघर के नेतृत्व में विद्यालयों में संचालित बसों का जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान डिवाईन पब्लिक स्कूल एवं डेल्ही पब्लिक स्कूल में संचालित 10 बसों का जांच किया गया, जिसमें बिना परमिट, बिना फिटनेस, बिना इंश्योरेंस, बिना प्रदूषण, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना टैक्स, बिना जालीदार खिड़की, साइड लाइट प्रॉब्लम, डीपर की जांच, बस में फर्स्ट ऐड किट, प्रेशर हॉर्न आदि के मामलों में त्रुटि पाए गए 08 वाहनों पर कुल 90,850 रुपया का जुमार्ना लगाया गया एवं राशि जमा करायी गयी। साथ ही विद्यालय संचालकों को निर्देशित किया गया कि वाहन सम्बन्धी जो भी कागजात अपूर्ण हैं, उन कागजातों को समय पर पूर्ण करेंगे एवं मोटर वाहन अधिनियम तथा सड़क सुरक्षा एवं सीबीएसई गाइडलाईन का अनुपालन करते हुए वाहन का परिचालन करेंगे। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आने वाले समय में पुनः जांच अभियान लगातार चलाया जाएगा एवं जांच के दौरान मोटर वाहन अधिनियम का अनुपालन में कमी पाए जाने वाले दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच अभियान में प्रशिक्षु मोटर यान निरीक्षक अमित कुमार झा एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक शिव कुमार राय मौजूद थे।

## बकाया पैसा मांग तो ठेकेदार ने रूम में बंद करके मारपीट कर किया घायल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के समलापुर बड़ा पंचगढ़ निवासी दिलीप मिर्धा उम्र 50 वर्ष को ठेकेदार द्वारा मारपीट कर बायां हाथ जलाकर गंभीर से घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। जहां पीड़ित का इलाज साहिबगंज सदर अस्पताल में डॉ के देख रेख में किया जा रहा है। पीड़ित दिलीप मिर्धा की पत्नी मीना देवी ने बताया कि बीते चार महीना पूर्व मेरे घर पिंटू शेख ठिकेदार आया जो बंगाल के मालदा जिला मानिकचक सेवंती मोड के निवासी है। घर आया और मेरे पति की पुणा महाराष्ट्र काम करने के लिए ले गया। वही कुछ दिन काम करने के बाद मेरा पति का तबियत खराब हो गया।वही मेरे पति दिलीप मिर्धा ने ठिकेदार पिंटू शेख घर जाने एवं चार महीना का बकाया पैसा मांग तो ठिकेदार पिंटू शेख के द्वारा रूम में बंद करके मारपीट किया।जिससे बायां हाथ भी जला दिया।वही कुछ मजदूरों के द्वारा मेरे पति को ट्रेन में बैठकर साहिबगंज भेज दिया। जहां सदर अस्पताल में डॉ के देख रेख में इलाज किया जा रहा है। वही घायल अपनी शिकायत के लिए जिरवाबाड़ी थाना पहुंचे जहां से पीड़ित को पुणा महाराष्ट्र में एफआईआर करने की सलाह दी।

## दो बाइक का आमने सामने जोरदार टक्कर तीन घायल एक रेफर

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के स्टेडियम रोड स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप दो बाइक का आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। समाज सेवी पवन कुमार सिंह के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। वही सदर अस्पताल में ड्यूटी पर रहे डॉक्टर सचिन कुमार एवं डॉ मुकेश कुमार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वही घायलों की पहचान मिजाचौकी थाना क्षेत्र के गाड़ी पहाड़ रक्सी स्थान निवासी अनीश पहाड़िया उम्र 29 वर्ष एवं रंजीत पहाड़िया उम्र 20 वर्ष के लिए रूप में हुई है। वही दूसरा बाइक चालक बोरियो थाना क्षेत्र के बांझी बाजार निवासी गुरु हेंब्रम के 22 वर्षीय पुत्र डेनियल हेंब्रम के रूप में हुई है। वही डॉ सचिन कुमार ने गंभीर रूप से घायलों में रंजीत पहाड़िया और डेनियल हेंब्रम को हायर सेंटर रेफर कर दिया हैं।

## राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में सूरज को मिला तीसरा स्थान

**हरिहरगंज :** पलामू जिले के हरिहरगंज प्रखंड के पिपरा-विशनपुर गांव के मिडिल स्कूल के छात्र सूरज कुमार ने पेंटिंग प्रतियोगिता में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्म किया है। रांची में राष्ट्रीय खेल दिवस पर, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के अंतर्गत संचालित झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य स्तरीय पेंटिंग, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। स्कूल के प्रधानाध्यापक ममता कुमारी ने बताया कि कक्षा पांचवीं का छात्र सूरज को राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में तीसरा स्थान आया है। सूरज मेधावी छात्र है, राज्य में तीसरा स्थान लाकर स्कूल का नाम रौशन किया है। बीईईओ राकेश कुमार, बीआरपी अनुज कुमार मिश्र, सीआरपी अजित मिश्रा, संजय गुप्ता, ओमप्रकाश मिश्र, जितेन्द्र कुमार, शिक्षक निरज पाठक, अर्जुन बैठा, संतोष राय, सुरेश कुमार सिंह, संजय मिश्रा सहित कई शिक्षकों ने सूरज के बेहतर प्रदर्शन करने पर खुशी प्रगट किया है।

## संत मरियम स्कूल प्रबंधन ने 32 मेधावी विद्यार्थियों को दिया स्कॉलरशिप

**मेदिनीनगर :** संत मरियम स्कूल प्रबंधन ने 32 मेधावी छात्रों को 2.5 लाख रुपये का स्कॉलरशिप दिया। नगर भवन में संत मरियम विद्यालय की आगामी अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण शिक्षक-अभिभावक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों का परीक्षा संबंधी तनाव को कम करना और बेहतर प्रदर्शन के लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंधन और अभिभावकों ने दीप प्रज्वल्लन कर किया। कार्यक्रम में पिछले शैक्षणिक वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 32 मेधावी छात्र-छात्राओं के बीच कुल 2.5 लाख रुपये की स्कॉलरशिप प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्र अगर कक्षा में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए, उन्हें 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप, 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 50 प्रतिशत तथा 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 25 प्रतिशत स्कॉलरशिप दिया गया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने अपने संबोधन में स्कॉलरशिप पाने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल अकादमिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि छात्रों में अनुशासन, नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास का विकास करना भी है। शिक्षक और अभिभावक मिलकर ही इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को परीक्षा की तैयारी में बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्साहित करें।

# कांग्रेस की घटिया मानसिकता और संस्कृति विरोधी सोच को उजागर करता है : गरिमा शाह

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** दरभंगा में राहुल गांधी के मंच से कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूज्य माता जी के प्रति की गई आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी ने पूरे देशवासियों की भावनाओं को गहराई से आहत किया है। यह बयान कांग्रेस की घटिया मानसिकता और संस्कृति विरोधी सोच को उजागर करता है।इसी शर्मनाक बयान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा साहिबगंज की जिलाध्यक्ष गरिमा शाह के नेतृत्व में विवेकानंद चौक से कांग्रेस कार्यालय तक कांग्रेस के खिलाफ नारों के साथ आक्रोश प्रदर्शन निकाला गया। बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता,भाजपा पदाधिकारी और आम नागरिकों ने इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर कांग्रेस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरिमा शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री की माता जी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी न केवल एक माँ का अपमान है,बल्कि यह पूरे भारतीय समाज और मातृशक्ति का अपमान है।कांग्रेस ने एक बार फिर अपने असली चेहरे को दिखा दिया है। भाजपा महिला मोर्चा इस अपमान को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।कांग्रेस की राजनीति अब मुद्दों से भटककर व्यक्तिगत अपमान और परिवार पर आक्रमण तक सीमित हो चुकी है। यह बयान पूरे देश की अस्मिता पर चोट है। जनता कांग्रेस को इस नीच राजनीति के लिए सबक सिखाएगी।प्रधानमंत्री की माता का अपमान करना वास्तव में हर



भारतीय माँ का अपमान करना है।कांग्रेस की सोच परिवारवाद और नफरत से भरी है।कांग्रेस को सार्वजनिक रूप से देश से माफी माँगनी चाहिए। यह राजनीतिक दिवा लियापन का सबसे बड़ा उदाहरण है।भाजपा इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और कांग्रेस की इस मानसिकता को जनता के बीच उजागर करेगी।प्रदर्शन के दौरान मंजू पटवा प्रिया गुप्ता,पूनम भगत, दीपाली, देवंती देवी,गायत्री,रुपम कुमारी,रिमझिम सिंह, गुंजन मरांडी, रीना कुमारी, सुनीता कुमारी,बिंदिया देवी स्वीटी, रेनू, सुमन, विद्या देवी, सुनीता देवी, प्रमिला हसदा रूमी देवी, निशा देवी, अनीता देवी, रीता देवी, मनोज पासवान अनुराग राहुल संजीव पासवान संतोष चौधरी राजीव चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि अगर भविष्य में भी ऐसी अमर्यादित भाषा का प्रयोग हुआ तो कांग्रेस को जनता के प्रचंड आक्रोश का सामना करना पड़ेगा.वही कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय के बाहर भाजपा द्वारा किये गए विरोध प्रदर्शन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए वोट छोड़ गाड़ी छोड़ो का नारा लगाया. मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान,उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीमुद्दीन,कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष अजय कुमार यादव,युवा कांग्रेस की जिला अध्यक्ष एक लाख नदीम,सरफराज आलम,अली कुरेशी, रिजवान अंसारी,बासकी यादव,कौसर अलम सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना साइंस एजिबिशन का उद्देश्य : डीसी

**संवाददाता**

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा सोमवार को रामकृष्ण विवेकानंद विद्यामंदिर विद्यालय के साईंस एग्जीबिशन (विज्ञान प्रदर्शनी) में शामिल हुए। प्रदर्शनी में देवघर जिला के सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया और विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों जैसे पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्वास्थ्य एवं तकनीक पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया। छात्रों ने अपने मॉडल्स को स्वयं तैयार किया और उनके कार्य-प्रणाली को समझाने के लिए प्रस्तुति भी प्रदान की गई।

साइंस एग्जीबिशन के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ह्लइस तरह की गतिविधियाँ




छात्रों में रचनात्मकता, तार्किक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं।ह्व आगे उन्होंने ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, रचनात्मकता, और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देती है, जिससे वे अमूर्त विचारों को मूर्त रूप से समझ पाते हैं और सीखे गए ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करते हैं। यह प्रदर्शनी संचार, टीम वर्क और आत्मविश्वास जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने का एक मंच प्रदान करती है, साथ ही समुदाय के बीच विज्ञान के प्रति रुचि और अन्वेषण की संस्कृति को बढ़ावा देती है।

कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्रों प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया ।

## भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय साहिबगंज में 69 वां वर्षगांठ मनाया

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** स्थानीय भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय साहिबगंज में 69 वां वर्षगांठ मनाई गई।इस मौके पर शाखा के शाखा प्रबंधक राजीव मिश्रा ने शाखा के अधिकारियों,कर्मचारियों, ग्राहकों और अभिकताओं के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर व निगम गीत गाकर एलआईसी का जन्मोत्सव मनाया।इस मौके केक काटा गया और लड्डू बांटी गई। दीप प्रज्ज्वलित कर श्री मिश्रा ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम आज के ही दिन 1 सितंबर 1956 को देश की 245 निजी बीमा कंपनियों को विलय कर राष्ट्रीयकृत कर एलआईसी का गठन किया गया। जिसका उद्देश्य आम जन जीवन को सुरक्षित करना और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना।मौके पर विकास




अधिकारी आर के दास ने कहा कि एलआईसी लोगों को सुरक्षा के साथ आर्थिक स्वावलंबन प्रदान करती है वहीं, अभिकर्ता संघ लियाफी के अध्यक्ष आनंद मोदी ने बताया कि बीमा सिर्फ आम व्यक्ति को आर्थिक सहायता नहीं पहुंचाता बल्कि देश की आर्थिक बुनियाद को भी मजबूती प्रदान करती है।अतः अभिकर्ता साथी इस व्यवसाय से स्वयं का,परिवार के साथ देश सेवा के कार्य में भी जुटे हैं,जिसका उन्हें गर्व है। बीमित भारत, सुरक्षित भारत के तर्ज पर आज भारतीय जीवन बीमा निगम पूरे दुनिया में अपना डंका बजा रही है।उत्सव में सह शाखा प्रबंधक डांसिल सोरेन,कुमार अभिषेक,लियाफी सचिव शैलेन्द्र कुमार ओझा, राजेश कुमार प्रामाणिक,दावा विभाग के प्रेम कुमार बेसरा,नव व्यवसाय के दिनेश टुडू, सेवा अधिकारी प्रमोद कुमार, दीपक दीप, अरुण यादव,पूनम मुर्मू, विक्रम, विकास, सुबोध, लखी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## कर्मा पूजा की धूम : आस्था और उमंग से सराबोर हुआ माहौल



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आस्था का महापर्व कर्मा पूजा की तैयारी शहर से लेकर गांव तक विभिन्न संगठनों द्वारा जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। धार्मिक मान्यता है कि करमा वृक्ष की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। इसी आस्था के साथ महिलाएं और युवतियां व्रत-उपवास रख रही हैं तो पुरुष करमा डाली लाने की परंपरा निभाएंगे। त्योहार को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पूजा-सामग्री, फल-फूल और रंग-बिरंगे कपड़ों की खरीदारी जोरों पर है। नगर निगम क्षेत्र के जीएलए कॉलेज स्थित जेएन दीक्षित छात्रावास परिसर, शाहपुर बिरसानगर और केंद्रीय सरना स्थल पोखराहा कला सहित ग्रामीण इलाकों में आकर्षक पंडाल सजाए जा रहे हैं।

सांस्कृतिक समितियां गीत-संगीत और पारंपरिक नृत्य की रिहर्सल में व्यस्त हैं। गांवों में सामूहिक रूप से करमा वृक्ष की डाल लाकर अनुष्ठान किए जाएंगे। महिलाएं रात्रि जागरण कर पूजा-अर्चना के साथ पारंपरिक गीत गाएंगी। इधर जीएलए कॉलेज छात्रावास परिसर में प्रसाद के लिए बुंदिया बनाने का कार्य शुरू हो गया है। शाहपुर बिरसानगर में झंडा पताका लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इधर अद्दि कुड़ूख सरना समाज पलामू के तत्वावधान में सोमवार को केंद्रीय सरना स्थल पोखराहा कला में करम परब सह करम मिलन समारोह की तैयारी को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मिथलेश उरांव और संचालन प्रचार सचिव श्रवण उरांव ने किया। निर्णय लिया गया कि करम परब 3 सितंबर को जिले के 211 अखड़ों में आदिवासी रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 अगस्त को बालिकाओं द्वारा जावा खोप्पना (जौ रखना) की रस्म पूरी की जाएगी। 3 सितंबर की शाम 7:30 बजे करम डाली गाड़ना (करम देव स्थापना) होगी और पूरी रात गीत-संगीत व पूजा-अर्चना चलेगी। 4 सितंबर की सुबह करम देव का दूध-दही से स्नान और डाली विसर्जन होगा। इसके बाद 7 सितंबर को करम मिलन समारोह 2025 का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष मिथलेश उरांव ने कहा कि करम परब आदिवासियों का महापर्व है, जिसे नशामुक्त और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया गया है। चौक-चौराहों और अखड़ों को सरना झंडों व सजावट से संवारने का काम जोरों पर है। बैठक में छोटू उरांव, गौतम उरांव, जगदीश उरांव, अनिल उरांव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कांग्रेसजनों से मुलाकात कर रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपेंगे



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिला कांग्रेस कार्यालय साहेबगंज में जिला कांग्रेस कमिटी की एक अहम बैठक जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में आहूत की गई।संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत जिला में चल रहे सारे कार्यक्रमों एवं नए जिला अध्यक्ष के एआईसीसी चयन हेतु द्वारा नियुक्त साहिबगंज जिला के ऑब्जर्वर टोकिया प्रभु का आगमन 5 सितंबर 2025 को होने जा रहा है।टोकिया प्रभु साहिबगंज जिला में 8 दिन प्रवास कर जिले में चल रहे संगठन सृजन से संबंधित सभी कार्यक्रमों का निरीक्षण करेंगे।साथ ही जिला अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चुनावी प्रकिया के तहत सभी प्रखंडों का दौरा कर सभी कांग्रेसजनों से मुलाकात कर उनसे विचार विमर्श कर अपनी रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपेंगे।टोकिया प्रभु जी के कार्यक्रम को सफलता बनाने एवं प्रत्येक प्रखण्ड में उनके कार्यक्रम से संबंधित जगह का चयन हेतु आज की बैठक रखी गई थी।बैठक में मुर्शाद अली, बासुकीनाथ यादव,मो कलीमुद्दीन, शशांक शेखर गुहा,सरफराज आलम, नित्यानंद गुप्ता, नदीम इखलाक, मो कमरुल, रंजीत टुडू, मो रिजवान, मो रियाज,मो अजीज, अली कुरैशी, सतीश कुमार पासवान, निरंजन रॉय, राशिद खान, दिनेश प्रसाद सिंह, देवराज सिंह,मो नौशाद,हराधन तुरी, कौशर आलम, मो फरीद, रकीब आलम, मो शाहबाज अंसारी, मो गुफरान,सोनू ओझा एवं अन्य दर्जनों कांग्रेसजन शामिल रहे।

## करमा और ईद-उल-मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति ने किया विमर्श

**सतबरवा :** थाना परिसर सतबरवा में करमा और मिलादुन्नबी का त्यौहार को लेकर सोमवार को शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने करते हुए कहा कि दोनों त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाने की जरूरत है, कोई भी पर्व त्यौहार आपस में वैर करना नहीं सिखलाता है। पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। शांति समिति की बैठक का संचालन करते हुए थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में ईद-उल-मिलादुन्नबी हर साल मनाते है, इस्लाम संदेश देता है कि सच्चाई की रास्ते पर चलना चाहिए। गांवों गांव में जुलूस के दौरान शांति तथा भाई चारा बनाए रखना सबों का कर्तव्य है, अप्रिय घटना की सूचना पुलिस को तुरंत सूचना दे ताकि समय रहते काबू पाया जा सके। अवधेश सिंह चेरो, विधायक प्रतिनिधि राणाप्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, मनीष कुमार, शंभू उरांव, भोला राम, रब्बानी अंसारी, अकबर अली, सिकंदर भुइंया, पिंटू असलम, प्रदीप सिंह, संदीप प्रसाद, मो.नौशाद, विजय पाठक, महेश्वर सिंह, हारुण रशीद ने भी विषय को रखा। बैठक में एसआई, एएसआई के अलावा गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## मेला का आयोजन समृद्धि का परिचायक है : अभिषेक सिंह

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** शहर के टाउन हॉल मे भारतीय शिल्प क्राफ्ट मेला का उद्घाटन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक सिंह,सिटी मैनेजर वीरेश कुमार भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष गरिमा साह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मेला के आयोजक प्रदीप राठौर ने कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक सिँह,भाजपा महिला जिला अध्यक्ष गरिमा साह एवं वीरेश कुमार को बुके व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।वही नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक



सिंह ने कहा कि इस तरह के मेला का आयोजन होने से न केवल सांस्कृतिक समृद्धि का परिचायक है,बल्कि इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं।उन्होंने बताया कि इस मेले में लोगों को एक ही स्थान पर देशभर के विविध प्रकार के आकर्षक शिल्प और कलाकृतियां मिलेगी.वही मेला का आयोजक प्रदीप राठौर ने बताया कि यह मेला 1 सितंबर से 19 सितंबर तक सुबह 11:00 से रात्रि 9:00 तक चलेगा.उन्होंने बताया कि मेला मे विभिन्न राज्यों की लोककला, हस्तशिल्प और पारंपरिक कारीगरी देखने को मिलेगी. मेले में भदोही, बनारस जयपुर, बंगाल असम,सहारनपुर, कानपुर फिरोजाबाद हरियाणा राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, राजकोट, मधुबनी, कोलकाता, आंध्र प्रदेश, नागालैंड, मुरादाबाद, नेपाल सहित खादी ग्रामोद्योग से जुड़े कलाकारों और कारीगरों द्वारा बनाए गएँ उत्पाद प्रमुख आकर्षण रहेंगे।मेले में खुर्जा की क्राकरी और मुंबई से आए टैटू स्टाल लोगों के बीच खासा लोकप्रिय रहेंगे।



# घर में नन्हीं लक्ष्मी के कदम पड़ते ही नए घर में शिफ्ट हुए अथिया-केएल राहुल,पूजा करते की तस्वीर वायरल

**सुनील** शेट्टी की बेटी और एक्ट्रेस अथिया शेट्टी इस समय अपनी लाइफ के बेहद खूबसूरत फेज से गुजर रही है जो है मदरहुड लाइफ। प्यारी सी बेटी के जन्म के बाद से ही अथिया की दुनिया उसके इर्द गिर्द बस गई है।

वहीं नन्हीं परी के जन्म के कुछ महीनों बाद अथिया ने पति केएल राहुल के साथ नए घर में गृहप्रवेश किया। कपल की एक प्यारी सी तस्वीर सामने आई है जिसमें वह पूजा करते दिख रहे हैं। लुक की बात करें तो केएल राहुल व्हाइट कुर्ते में नजर आ रहे हैं। वहीं अथिया सूट में प्यारी लग रही हैं। दोनों हाथ जोड़ पूजा करते दिख रहे हैं। फैंस कपल की इन तस्वीर को काफी पसंद कर रहे हैं।

अथिया और राहुल की प्रेम कहानी जनवरी 2019 में शुरू हुई थी, जब उनकी मुलाकात एक मित्र के जरिए हुई। कई सालों तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद, दोनों ने 2023 में खंडाला स्थित सुनील शेट्टी के फार्महाउस में शादी रचाई। इस खास मौके पर सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के लोग मौजूद थे। अथिया शेट्टी और केएल राहुल ने 24 मार्च 2025 को अपनी बेटी इवारा का स्वागत किया था।



## मशहूर निर्देशक और लेखक एसएस. डेविड का निधन, अचानक सीने में उठा दर्द अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

**साउथ सिनेमा से** एक दुखद खबर सामने आई है। मशहूर फिल्ममेकर और लेखक एसएस. डेविड का 55 साल की उम्र में निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि डेविड को 31 अगस्त की शाम करीब 7:30 बजे बेंगलुरू की एक फामेर्सी में अचानक सीने में दर्द हुआ और वह बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तुरंत बेंगलुरु के आरआर नगर स्थित अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अंतिम संस्कार को लेकर असमंजस में परिवार : एस.एस. डेविड के परिवार वाले इस समय बेंगलुरु में मौजूद नहीं हैं। उनकी बहन उडुपी (कप्पू) में रहती हैं और स्वास्थ्य कारणों से यात्रा नहीं कर सकतीं। ऐसे में उन्होंने डेविड का अंतिम संस्कार वहीं कराने की इच्छा जताई है।

फिलहाल, डेविड का पार्थिव शरीर विक्टोरिया अस्पताल में रखा गया है। पुलिस अंतिम संस्कार से जुड़ी परिवार की अनुमति का इंतजार कर रही है। उनके दोस्त भी परिवार की तरफ से किसी सूचना का इंतजार कर रहे हैं। एस.एस. डेविड के अचानक निधन से फिल्म इंडस्ट्री और फैंस सदमे में हैं। उनके चाहने वाले सोशल मीडिया पर शोक जता रहे हैं और उन्हें याद कर रहे हैं। उनके दोस्तों का कहना है कि ह्लडेविड बहुत अच्छे इंसान थे। इंडस्ट्री हमेशा उन्हें याद रखेगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। कन्नड़ सिनेमा में बनाई थी दमदार पहचानः एस.एस. डेविड ने 1990 के दशक में कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था और जल्द ही अपनी अलग पहचान बना ली थी। उन्होंने 'जय हिंद' और 'धैर्य' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया, जो दर्शकों को काफी पसंद आईं। इसके अलावा, डेविड ने 'पुलिस स्टोरी' जैसी हिट एक्शन फिल्म की स्क्रिप्ट भी लिखी थी, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा।

## दर्द से जूझते हुए जीते जोकोविच, सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी



**एजेंसी/न्यूयॉर्कः** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आर्थर ऐश स्टेडियम में नोवाक जोकोविच ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर एक ही सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराड्डा खिलाड़ी बनकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। जोकोविच का मिशन 25 ग्रैंड स्लैम जारी है। वहीं, अल्काराज ने ओपन युग में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की उपलब्धि हासिल की।

जोकोविच का अगला मुकाबला अमरीकी नंबर-4 सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने इससे पहले चेक गणराज्य के टॉमस मचाक को सीधे सेटों में हराया था। इस जीत के साथ जोकोविच ने रोजर फे-डरर और आंद्रे अगासी को भी पीछे छोड़ दिया, जो दोनों 13-13 यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे और अब वह 14-14 के साथ अकेले खड़े हैं। ओपन एरा रिकॉर्ड बुक में अब वह केवल कॉनर्स से पीछे हैं, जो 17 क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके हैं। बता दें कि जोकोविच ने गर्दन में दर्द के बावजूद यह मैच जीता।

## राम गोपाल वर्मा और मनोज बाजपेयी फिर साथ,सत्या के बाद ला रहे हैं हॉरर कॉमेडी

**राम गोपाल** वर्मा और मनोज बाजपेयी की सुपरहिट जोड़ी सत्या के बाद फिर एक साथ,रोमांचक हॉरर कॉमेडी पुलिस स्टेशन में भूतमें नजर आएगी।लगभग तीन दशक बाद इतिहास रचने वाली फिल्म सत्या के बाद, निर्देशक राम गोपाल वर्मा और अभिनेता मनोज बाजपेयी एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इस बार एक दिलचस्प हॉरर कॉमेडी पुलिस स्टेशन में भूत के लिए। इस अनोखे सिनेमाई प्रयोग में मनोज के साथ जुड़ रही हैं जेनेलिया डिसूजा, जिससे इस प्रोजेक्ट को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।




फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और पहला शेड्यूल भी पूरा हो गया है, जो डर, व्यंग्य और आरजीवी की खास कहानी कहने की शैली के संगम से एक रोमांचक सफर की झलक दिखाता है। फिल्म के मूल में एक ऐसा सवाल है जो सुरक्षा की धारणा को पूरी तरह उलट देता है,जब हम डरते हैं तो पुलिस स्टेशन भागते हैं – लेकिन जब पुलिस डर जाए, तो वो कहां भागेगी?

फिल्म के बारे में बात करते हुए राम गोपाल वर्मा ने कहा, सत्या के बाद मनोज के साथ फिर से काम करना एक साथ ही नॉस्टैल्जिक और रोमांचक है। डर तब सबसे ज्यादा खौफनाक हो जाता है जब वह सुरक्षा की सबसे बड़ी सत्ता को चुनौती देता है, और पुलिस स्टेशन शक्ति का वही अंतिम प्रतीक है।


## हेमा मालिनी ने 12.50 करोड़ में बेचा दो अपार्टमेंट ,खरीदा 75 लाख का लग्जरी कार



**एक्ट्रेस** और भाजपा नेता हेमा मालिनी ने हाल ही में मुंबई के अंधेरी पश्चिम स्थित ओशिवारा स्थित अपने दो अपार्टमेंट बेचे। हेमा मालिनी ने 12.50 करोड़ में ये सौदा किया। स्क्वायर याड्र्स के मुताबिक, इसका रजिस्ट्रेशन अगस्त महीने में हुआ था। दोनों प्रॉपर्टीज ओबेरॉय स्प्रिंग्स में स्थित हैं और काफी बड़े एरिया में फैली हुई है।

हेमा मालिनी ने जो अपार्टमेंट बेचा है, 847 वर्ग फुट और और 1,017 वर्ग फुट में फैला हुआ था और उसकी कीमत 6.25 करोड़ रुपये थी। इस डील में दोनों अपार्टमेंट्स के साथ एक-एक कार पार्किंग की जगह भी शामिल है। डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, इस लेनदेन के दौर31.25 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी औ 30,000 का रजिस्ट्रेशन फीस दिया गया है।

दिलचस्प बात ये है कि ये अपार्टमेंट्स बेचने के बाद एक्ट्रेस ने एक लग्जरी कार भी खरीदी है, जिसकी कीमत चौंकाने वाली है। इसे बेचने के बाद हेमा मालिनी ने 75 लाख की लग्जरी कार भी खरीदी है। उन्होंने कार की पूजा की और उसका वीडियो इंटरनेट पर वायरल है। उन्होंने ड्राइवर सीट पर बैठकर पोज भी दिया। गणेशोत्सव के पावन अवसर पर उन्होंने नया मेहमान अपने परिवार में शामिल किया है। विरल भयानी के इंस्टाग्राम पर आए वीडियो में बताया गया है कि एक्ट्रेस ने अब अपनी लग्जरी कारों के कलेक्शन में एमजी एम9 को शामिल किया है।



## कृति सेनन यूएनएफपीए इंडिया की ऑनरेरी एंबेसेडर

**बॉलीवुड** अभिनेत्री कृति सेनन के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। वह संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की ब्रांड एंबेसेडर बनाई गई हैं। यह संयुक्त राष्ट्र संघ की एक संस्था है, जिसका कार्य महिला, पुरुष और बच्चों के अधिकार, स्वास्थ्य और समान अवसर के साथ सुखी जीवन को बढ़ावा देना है। ब्रांड एंबेसडर बनने के बाद उन्होंने अपनी भूमिका के बारे में बात की और बताया कि कैसे अपने करियर की शुरूआत में उन्हें लैंगिक असमानता का सामना करना पड़ा। कृति सेनन ने बॉलीवुड में वेतन असमानता के बारे में भी बात की। सेनन ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। ये बहुत बड़ा सम्मान है और उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी। मैं इसके लिए बहुत उत्सुक हूं, क्योंकि मुझे हमेशा से ये लगता था कि मैं कुछ ऐसा बदलाव ला सकूं, जो मेरे दिल के करीब हो। मेरा मानना है कि लैंगिक असमानता बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। ये बहुत बड़ा मुद्दा है, फिर चाहे बात जेंडर बेस्ड वायलेंस की हो या गर्ल चाइल्ड एजुकेशन की हो। मुझे खुशी है कि मैं यूएनएफपीए के साथ मिलकर ऐसे लोगों के लिए अब कुछ कर पाऊंगी, उनका साथ दे पाऊंगी। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने देश का वैश्विक स्तर पर प्रतिनिधित्व करना चाहती थी, अपनी आवाज के जरिए ऐसे मुद्दों को उठाना चाहती थी, जिससे लोगों के जीवन खुशहाल बन सकें।

## मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



**नई दिल्लीः** ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास की घोषणा कर दी है। स्टार्क का अब पूरा फोकस वनडे और टेस्ट क्रिकेट पर है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2012 से 2024 तक ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए 20 ओवर के प्रारूप में 65 मैच खेले और 79 बल्लेबाजों को आउट किया। स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया के लिए आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच 24 जून, 2024 को सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट में भारत के खिलाफ खेला था और अपने चार ओवरों के कोटे में 45 रन दिए थे।

बता दें कि मिचेल स्टार्क टी20 इंटरनेशनल मैचों में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक विज्ञप्ति के जारी कर स्टार्क के टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास की घोषणा की। विज्ञप्ति के अनुसार स्टार्क ने अपने टेस्ट करियर को लंबा करने और 2027 के वनडे वर्ल्ड कप पर नजरें गड़ाने के लिए टी20 इंटरनेशनलव से दूरी बना ली है।

प्रेस विज्ञप्ति में स्टार्क के फैसले को लेकर कहा गया कि, स्टार्क ने आज इंटरनेशनल टी20 से संन्यास की घोषणा कर दी है। 35 वर्षीय स्टार्क, जिन्होंने पिछले साल कैरिबियन में हुए वर्ल्ड कप के बाद से कोई टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है, लेकिन वो टेस्ट, वनडे और आईपीएल सहित घरेलू टी20 लीग के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# रोहित शर्मा-गिल-बुमराह फिटनेस टेस्ट में पास

### बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में फिटनेस मानकों पर खरा उतरे जितेश-सिराज-यशस्वी-वाशिंगटन-शार्दुल

**बंगलुरुः** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा सहित भारतीय क्रिकेटरों ने यहां बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में आयोजित सत्र पूर्व फिटनेस परीक्षण पास कर लिया। गिल और उनके साथी जसप्रीत बुमराह और जितेश शर्मा भी फिटनेस मानकों पर खरे उतरे हैं। पंजाब के इस 25 वर्षीय बल्लेबाज को इस ट्वेंटी-20 टूनार्मेंट के लिए भारत का उपकप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम नौ सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए जल्द ही दुबई रवाना होगी। गिल के लिए फिटनेस परीक्षण अनिवार्य हो गया था, क्योंकि उन्हें बुखार के कारण दलीप ट्रॉफी से हटना पड़ा था, जहां उन्हें उत्तर क्षेत्र का कप्तान बनाया गया था और वे पिछले कुछ दिनों से अपने होमटाउन में आराम कर रहे थे।



पता चला है कि जिन अन्य खिलाड़ियों ने बिना किसी समस्या के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में टेस्ट पास किया, उनमें मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल, वाशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर शामिल हैं। मानक यो-यो परीक्षण के अलावा फिटनेस परीक्षण के दौरान हड्डियों के घनत्व की जांच के लिए एक सरलीकृत विधि डीएक्सए स्कैन भी किया गया। जायसवाल और वाशिंगटन दोनों महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए स्टैंडबाई सूची में हैं, जबकि शार्दुल चार सितंबर से मध्य क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए शहर में ही रहेंगे।

इनका नहीं होगा टेस्टः एशिया कप टीम के अन्य सदस्य जैसे अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और रियान पराग (स्टैंडबाय) अपनी-अपनी क्षेत्रीय टीमों के लिए दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में खेल चुके हैं और अब उनके लिए अलग से फिटनेस टेस्ट नहीं होगा। स्टैंडबाई खिलाड़ियों में शामिल विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल कमर में दर्द के कारण दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए थे और मध्य क्षेत्र का यह कप्तान अब भी मेडिकल टीम की निगरानी में हैं।

अक्तूबर या नबंवर में एक्शन में नजर आएंगे भारतीय वनडे कप्तान टेस्ट और टी-20 प्रारूपों से संन्यास लेने के बाद रोहित के पास तत्काल कोई कार्यभार नहीं है, लेकिन यह सीनियर बल्लेबाज नवंबर में एकदिवसीय सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जा सकता है और उससे पहले वह 30 सितंबर, तीन और पांच अक्तूबर को कानपुर में ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भारत-ए के लिए तीन एकदिवसीय मैच भी खेल सकते हैं। इसकी पुष्टि अभी बाकी है, लेकिन रोहित के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण के लिए कुछ और दिन शहर में ही रहने की संभावना है।

# पंजाब के आप विधायक पुलिस हिरासत से फरार साथियों व पुलिस पर गोलीबारी का आरोप, मचा

**चंडीगढ़/पटियालाः** पंजाब के सनौर विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा पुलिस हिरासत से फरार हो गए। गिरफ्तारी के बाद लोकल थाने ले जाते समय पठानमाजरा और उसके साथियों ने पुलिस पर गोलीबारी की, जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया. पुलिसकर्मी पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश कर विधायक स्कॉर्पियो और फॉर्च्यूनर में भागे. पुलिस ने फॉर्च्यूनर को पकड़ लिया, लेकिन पठानमाजरा स्कॉर्पियो में फरार है। पुलिस टीम पीछा कर रही है। दरअसल, पठानमाजरा की पूर्व पत्नी की शिकायत पर दर्ज हुए रेप केस के पुराने मामले में यह कार्रवाई की जा रही है। पटियाला के सिविल लाइंस थाने में यह एफआईआर दर्ज है। पंजाब पुलिस ने विधायक हरमीत को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया था. इसी बीच, स्थानीय थाने ले जाते समय विधायक पठानमाजरा और उनके साथियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी. इस घटना में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया । विधायक ने एक पुलिसकर्मी पर अपनी कार चढ़ाकर फरार हो गए. विधायक और उनके साथी एक स्कॉर्पियो और एक फॉर्च्यूनर लेकर फरार हो गए. पुलिस ने फॉर्च्यूनर कार जब्त कर ली है. विधायक एक स्कॉर्पियो में फरार हैं. पठानमाजरा ने हाल ही में सरकार की बाढ़ राहत पर



आलोचना की थी, जिसके बाद उनकी सुरक्षा हटा ली गई. पुलिस ने कहा कि फरारी का मामला दर्ज कर तलाश तेज कर दी गई है. गिरफ्तारी पर विधायक हरमीत सिंह के वकील सिमरनजीत सिंह सग्गू ने कहा, हरमीत सिंह के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की गई है। मामला हाईकोर्ट में लंबित था। हाईकोर्ट ने इसे निपटा दिया और डीआईजी रोपड़ रेंज को जांच के लिए नियुक्त किया. लेकिन यह एफआईआर पिछले दो दिनों में बाढ़ के कारण बदले राजनीतिक परिदृश्य का नतीजा है. यह कानून के खिलाफ, तथ्यों के खिलाफ और राजनेताओं और नौकरशाही के बीच पूरी तरह से रस्साकशी है. वकील सग्गू के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने एसएसपी मोहाली के समक्ष आवेदन दायर किया था और हाईकोर्ट में एक रिट दायर की थी. एसएसपी मोहाली ने हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट के माध्यम से सभी आरोपों को पेश किया। शिकायतकर्ता ने खुद स्वीकार किया कि वह हरमीत सिंह के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में थी और अगर रिश्ते सुधरते हैं तो वह इसे जारी रखने के लिए तैयार है। अगर स्थिति ऐसी है, तो भी धारा 376 और 420 लगाई जा रही है। इससे सिस्टम की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा होता है।



## पास्ता खाने से 7 लोगों की तबीयत बिगड़ी, पिता-पुत्र की मौत, 5 गंभीर

**पटना :** बिहार के बक्सर जिले में पास्ता-चावल खाने के बाद एक ही परिवार के 7 लोगों की तबीयत खराब हो गई। इसमें पिता और पुत्र की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई, वहीं भोजन करने के बाद पांच अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

बक्सर जिला के औद्योगिक थाना क्षेत्र के दहीवर गांव में सोमवार रात चावल-पास्ता खाने से पिता-पुत्र की मौत हो गई। जबकि पांच लोगों को गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के किशन बिहारी के परिवार में रात को पास्ता चावल बना था। रात 9 बजे परिवार के सभी सदस्यों ने भोजन किया था जिसके बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी।

इसके बाद आनन फानन में सभी को सदर अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान किशन बिहारी और उसके तीन साल के पुत्र अमित की मौत हो गई। जबकि किशन बिहारी की पत्नी पूजा देवी, चाची प्रेमा देवी बेटी सुप्रिया व अमृता के अलावा पड़ोसी चंदन की बेटी दिया की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि एफएसएल को बुलाया गया है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, 272 यात्री थे सवार, विमान से टकराया था पक्षी

**नागपुर :** नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो एयरलाइन की एक यात्री उड़ान की सोमवार को आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट संख्या 6ए812 एक पक्षी से टकरा गई थी, जिसके बाद पायलट ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नागपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट को सुरक्षित उतार दिया। विमान में सवार सभी 272 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

जानकारी के अनुसार, उड़ान भरने के थोड़ी देर बाद विमान का अगला हिस्सा हवा में एक पक्षी से टकरा गया, जिससे उसमें हल्का नुकसान हुआ। पक्षी से टकराने के तुरंत बाद विमान कुछ देर के लिए अस्थिर हो गया, जिससे यात्रियों में घबराहट फैल गई। हालांकि, पायलट और क्रू की सूझबूझ से कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया।

नागपुर एयरपोर्ट के सीनियर



डायरेक्टर आबिद रूही ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि फ्लाइट 6ए812 के पक्षी से टकराने की आशंका है। इस घटना की जांच की जा रही है।बता दें कि इससे पहले 2 जून को रांची जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट को भी पक्षी से टकराने के कारण आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी थी। उस विमान में 175 यात्री सवार थे और वे सभी सुरक्षित रहे थे। एविएशन इंडस्ट्री के विशेषज्ञों के अनुसार, टेक-ऑफ और लैंडिंग के समय बर्ड हिट की घटनाएं आम हैं और यह विमान के इंजन या अन्य हिस्सों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। कई बार यह विमान की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

## केदारनाथ में हेलीकॉप्टर यात्रा अब होगी और सुरक्षित

### इसरो के डिजिटल कवच से मिलेगी पल-पल की जानकारी





**देहरादून :** केदारनाथ की दुर्गम घाटी में हेलीकॉप्टर सेवाओं को अब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की अत्याधुनिक तकनीक का सुरक्षा कवच मिलेगा। इस नई प्रणाली के लागू होने से हेलीकॉप्टरों की लाइव लोकेशन ट्रैकिंग से लेकर मौसम और इलाके की रियल-टाइम जानकारी सीधे पायलट और कंट्रोल रूम तक पहुंचाई जाएगी, जिससे यात्रा पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित और सुगम हो जाएगी।

राज्य सरकार ने केदारनाथ में हेली सेवाओं की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए इसरो से सहयोग मांगा था, जिसे अंतरिक्ष एजेंसी ने स्वीकार कर लिया है। नागरिक उड्डयन सचिव सचिन कुर्वे ने पुष्टि की है कि इसरो के विशेषज्ञों की एक टीम इसी पखवाड़े उत्तराखंड का दौरा करेगी। यह निर्णय इस वर्ष 15 जून को केदारनाथ में हुए एक हेलीकॉप्टर हादसे के बाद लिया गया, जिसके उपरांत सरकार ने एक अचूक और बेहतर सिस्टम विकसित करने के लिए इसरो की विशेषज्ञता का लाभ उठाने का फैसला किया।

**कैसे काम करेगा डिजिटल कवच? :** उत्तराखंड सरकार के अनुरोध पर इसरो एक विशेष डिजिटल एलिवेशन मॉडल विकसित करेगा, जो सीधे जीपीएस सिस्टम से जुड़ा होगा। इस तकनीक की मदद से कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी हर हेलीकॉप्टर की सटीक लोकेशन की पल-पल की जानकारी रख सकेंगे। हेलीकॉप्टर में बैठे पायलट को अपने आसपास के इलाके की भौगोलिक स्थिति, ऊंचाई और मौसम के पल-पल बदलते मिजाज की रियल-टाइम जानकारी मिलती रहेगी।

इस तकनीक से पायलट के लिए प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हेलीकॉप्टर को सुरक्षित उड़ाना आसान हो जाएगा और किसी भी संभावित खतरे से पहले ही अलर्ट मिल जाएगा।

नागरिक उड्डयन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि इसरो के विशेषज्ञ उत्तराखंड में अपने उपकरणों का परीक्षण करेंगे। पहले यह दौरा अगस्त माह में प्रस्तावित था, लेकिन प्रदेश में आई आपदाओं के कारण इसे टाल दिया गया था। अब टीम के जल्द ही यहां पहुंचने की उम्मीद है, जिसके बाद इस हाई-टेक सुरक्षा प्रणाली को स्थापित करने का काम तेजी से आगे बढ़ेगा।

## दिल्ली पर मंडराया बाढ़ का खतरा, यमुना नदी खतरे के निशान से आधा मीटर ऊपर



**नई दिल्लीः** दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर मंगलवार सुबह खतरे के निशान से करीब आधा मीटर ऊपर पहुंच गया निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार आज सुबह आठ बजे दिल्ली के पुराने रेलवे ब्रिज पर यमुना का जलस्तर 205.80 मीटर दर्ज किया गया और यह लगाता बढ़ रहा है। यहां खतरे का निशान 205.33 मीटर पर है।

दिल्ली और आसपास के इलाकों में सोमवार को हुई भारी बारिश और हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से लगातार बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण राष्ट्रीय राजधानी में यह स्थिति बनी है। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण यमुनानगर जिला स्थित हथिनीकुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

यमुना के बढ़ते जलस्तर के बीच दिल्ली में प्रशासन ने बचाव दल एवं अन्य संबंधित एजेंसियां को स्टैंड-बाय मोड में रखा है। लोगों से अपील की जा रही है कि वे यमुना किनारे न जाएं और प्रशासन के निदेर्शों का पालन करें। डूब क्षेत्र में और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को इन इलाकों को खाली करने की चेतावनी दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि यमुना में अब तक सबसे अधिक जलस्तर 208.66 मीटर रहा है जो 13 जुलाई 2023 को दर्ज किया गया था।

## मराठा आरक्षण : मनोज जरांगे को आजाद मैदान खाली करने का आदेश, प्रदर्शनकारियों पर भी एफआईआर दर्ज



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल को नियमों का उल्लंघन करने के लिए नोटिस जारी किया है। अदालत के निदेर्शों के बाद मंगलवार को मुंबई पुलिस ने मनोज जरांगे पाटिल को नोटिस भेजा। साथ ही, पुलिस ने मनोज जरांगे की ओर से मांगे गए विरोध प्रदर्शन की अनुमति को अस्वीकार किया है। आजाद मैदान पुलिस ने जरांगे पाटिल की कोर कमेटी को एक नोटिस जारी कर उन्हें जल्द से जल्द आजाद मैदान खाली करने का निर्देश दिया है। नोटिस में जरांगे पाटिल की ओर से की गई टिप्पणियों का भी उल्लेख है, जिन पर पुलिस ने संज्ञान लिया है।

बता दें कि मराठा नेता मनोज जरांगे मुंबई के आजाद मैदान में शुक्रवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे हैं। उनके साथ हजारों की संख्या में समर्थक जुटे हुए हैं। वे मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। हालांकि, इस मुद्दे पर सरकार के साथ बातचीत अभी तक विफल रही है। साथ ही, पुलिस ने विरोध प्रदर्शन को इजाजत देने से भी इनकार कर दिया।

इसी बीच, मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया। जुहू इलाके में बस यात्रियों के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने यह एक्शन लिया। मुंबई के जुहू बस स्टेशन पर रविवार को प्रदर्शनकारियों और बेस्ट बस यात्रियों के बीच मारपीट हुई थी।

यह घटना सांताक्रूज डिपो (मातेश्वरी) से चलने वाली बेस्ट बस में शाम करीब 7.15 बजे हुई। बताया जाता है कि बस बिना किसी स्टाफ के स्टेशन पर खड़ी थी, तभी प्रदर्शनकारियों और यात्रियों के बीच विवाद शुरू हुआ था। इस झगड़े में बस के शीशे तोड़ दिए गए।

मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसी पर संज्ञान लेते हुए मुंबई के जुहू पुलिस स्टेशन में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया गया है। मनोज जारंगे पाटिल के विरोध प्रदर्शन की शुरूआत के बाद से यह पहला मामला दर्ज हुआ है।

## पटना के मरीन ड्राइव पर मस्ती करते नजर आए तेजस्वी यादव



**पटनाः** वोटर अधिकार यात्रा के सफल समापन के बाद तेजस्वी यादव सोमवार की रात पटना में मस्ती करते हुए नजर आए। पटना के मरीन ड्राइव पर अपने भांजे और अन्य युवाओं के साथ डांस करते हुए तेजस्वी यादव ने खूब मस्ती की।

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का भांजे के साथ मस्ती का वीडियो उनकी बहन रोहिणी आचार्या ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर शेयर किया। लालू बिना चालू ई बिहार न होई गाने में थिरकते तेजस्वी यादव का वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

**सबसे कीमती है चेहरे की प्यारी सी मुस्कान**
**भांजा है अपने मामा जी की जान**
**दिल तो बच्चा ही है जी ... मस्ती टाइम @ पटना मरीन ड्राइव**

### जीएसटी कलेक्शन में बंपर उछाल

## अगस्त में सरकारी खजाने में आए 1.86 लाख करोड़ रुपए, 6.5% की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली :** अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेतों के बीच माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कलेक्शन में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 में सकल जीएसटी वसूली 6.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़ रुपये रही। पिछले साल इसी महीने में यह आंकड़ा 1,74,962 करोड़ रुपये था।

आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त महीने में घरेलू बाजार के सौदों से जीएसटी कलेक्शन में 9.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई,



जिससे सरकार को 1,36,962 करोड़ रुपये मिले। इसमें केंद्रीय जीएसटी का हिस्सा 34,076 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी का 42,854 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी का 48,639 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा उपकर (उी२२) के तौर पर 11,392 करोड़ रुपये की वसूली हुई। हालांकि, आयात पर आईजीएसटी कलेक्शन में 1.2 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई और यह 49,354 करोड़ रुपये रहा।

मंत्रालय ने बताया कि रिफंड के बाद सरकार को मिला शुद्ध जीएसटी राजस्व अगस्त में 1,66,956 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के 1,50,791 करोड़ रुपये की तुलना में 10.7 प्रतिशत अधिक है। इस महीने कुल रिफंड की राशि 19,359 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल के मुकाबले 19.9 प्रतिशत कम है, जिससे शुद्ध राजस्व में बढ़ोतरी हुई है।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले पांच महीनों (अप्रैल से अगस्त) में कुल सकल जीएसटी राजस्व 9.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,04,414 करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया है। वहीं, इस अवधि में शुद्ध राजस्व 8.8 प्रतिशत बढ़कर 8,78,096 करोड़ रुपये रहा है।

न्यूज IN ब्रीफ

## उमा इंटरप्राईजेज का हुआ भव्य उद्घाटन



**चक्रधरपुर :** मारवाड़ी उच्च विद्यालय के निकट एवं प्रखंड कार्यालय के समीप नये प्रतिष्ठान का आज शुभारंभ हुआ। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रतिष्ठान के संचालक शशांक साह ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में जन अपेक्षा और जनसुविधा के अनुरूप आवश्यकता की सभी सामग्री समुचित दर पर उपलब्ध है। उनका शहरवासियों से सप्रेम निवेदन है कि वे एक बार उमा इंटरप्राईजेज में अवश्य पधारे तथा बेहतर और उपयोगी सामग्री उचित मूल्य पर पाएं। इस अवसर पर काफी संख्या में नामचीन लोग व शहरवासी उपस्थित रहे।

## परसुडीह में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**जमशेदपुर :** परसुडीह थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। सरजामदा की रहने वाली पूनम मुंडा ने अपने पति विक्रम कुमार रविदास और ससुर अरुण रविदास के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को मामला दर्ज कराया है।पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि शादी के बाद से ही पति और ससुर लगातार दहेज की मांग कर रहे थे। विरोध करने पर उसे गाली-गलौज किया गया और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इतना ही नहीं, पति द्वारा दूसरी शादी करने की धमकी भी दी जा रही थी।पूनम मुंडा ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी।

कई बार समझाने और समझौता करने की कोशिश के बावजूद स्थिति बिगड़ती गई, जिसके बाद उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने पूनम की शिकायत पर पति विक्रम कुमार रविदास और ससुर अरुण रविदास को नामजद अभियुक्त बनाते हुए मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अंचलों में भूमि विवाद के अब तक 1970 आवेदन जमा, 1761 का हो चुका है निष्पादन

**जमशेदपुर :** प्रत्येक कार्य दिवस पर दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक अंचल अधिकारियों द्वारा अंचल कार्यालय में आवेदकों से मुलाकात कर भूमि-विवादों का निराकरण किया जाता है। सोमवार को विभिन्न अंचलों से कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 34 आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया। इस पहल के तहत अब तक कुल 1970 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1761 का निष्पादन किया जा चुका है तथा 198 आवेदनों पर कार्यवाही जारी है।वहीं, हल्का कर्मचारी से सम्बंधित मामलों के निष्पादन हेतु प्रत्येक सोमवार को तहसील कचहरी में आयोजित कैंप में आज कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। 26 आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया, जबकि 22 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं।अब तक कुल 2536 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 2157 का निष्पादन किया जा चुका है तथा 379 आवेदनों पर कार्यवाही जारी है।

## छात्र संघ चुनाव के प्रावधान में संशोधन करें: आइसा

**धनबाद :** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने विधानसभा से पारित शिक्षा से जुड़े तीन विधेयकों में संशोधन की आवाज उठाई है। सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए झारखंड राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ, जिला प्रभारी रितेश मिश्रा समेत अन्य ने कहा कि झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 के कुछ प्रावधान, विशेषकर छात्र संघ और छात्र परिषद से जुड़े नियम गंभीर चिंता के विषय हैं। आइसा का मानना है कि ये प्रावधान छात्र संगठन से जुड़ने के संवैधानिक अधिकार का हनन करते हैं। छात्र नेताओं ने कहा कि विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया कि विवि में केवल एक छात्र संघ होगा, जो किसी भी क्षेत्रीय, राज्य स्तरीय अथवा राष्ट्रीय राजनीतिक गतिविधि में संलग्न नहीं होगा।

यह प्रावधान छात्रों के संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार पर सीधा हमला है। चिंताजनक प्रावधान यह है कि यदि कोई छात्र किसी राजनीतिक गतिविधि, प्रदर्शन या विचार-विमर्श में भाग लेता है तो उसपर अनुशासनात्मक कार्रवाई कर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। छोटे कोचिंग संस्थानों पर पांच लाख की बैंक गारंटी की शर्त लगाना गलत है। मौके पर धनबाद लॉ कॉलेज की अध्यक्ष पायल चौधरी, सचिव वारिस खान, जिला समिति से दीपक महतो, स्नेहा कुमारी, पार्वती कुमारी, चेतन नारायण, आयुषी कुमारी समेत अन्य मौजूद थीं।

## कड़ी सुरक्षा के बीच मेडिकल कॉलेज में बढ़ेंगी सुविधाएं

**धनबाद :** डीसी आदित्य रंजन ने एसएनएमएमसीएच के अधिकारियों को अस्पताल में कड़ी सुरक्षा के बीच स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। गुरुवार की शाम इमरजेंसी में डॉक्टरों के साथ मारपीट के बाद डीसी सोमवार को मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे। 45 मिनट के निरीक्षण में डीसी ने सुरक्षा, पेयजल समेत अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। सबसे पहले उन्होंने होमगार्ड जवानों से मुलाकात कर मुस्तैदी से ड्यूटी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जवानों की मौजूदगी में डॉक्टरों पर हमला निराशाजनक है। ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद डीसी इमरजेंसी पहुंचे। फिर वार्ड, सर्जिकल आईसीयू, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, डॉक्टर्स रूम सहित अन्य जगहों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मरीज रोजाना इलाज के लिए पहुंचते हैं। उनके लिए शुद्ध पेयजल, एप्रोच रोड, बाउंड्री वॉल और सुरक्षा इंतजाम सुदृढ़ किए जाएंगे। मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसके चौरसिया, अधीक्षक डॉ डीके गिंदोरिया, एसडीओ राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, डीपीआरओ सुनील सिंह, वरीय अस्पताल प्रबंधक डॉ सुमन, डॉ रवि भूषण, डॉ सुरेंद्र प्रसाद और डॉ एके शिवम समेत डॉक्टर मौजूद थे। मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें: डीसी ने डॉक्टर, अस्पताल कर्मी और सुरक्षा बलों को मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया। कहा कि यहां लोग मजबूरी में आते हैं। वे परेशान रहते हैं। उनके प्रति सभी का व्यवहार बेहतर होना चाहिए। तीन दिन में तैयार होगी बैरक: होमगार्ड के जवानों ने कैंपस में बैरक बनवाने की मांग की। डीसी के समक्ष कॉलेज प्रबंधन ने तीन दिनों में बैरक तैयार करने का आश्वासन दिया।

### पटना स्थित राबड़ी देवी आवास पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# पूर्व रेल मंत्री से लालू प्रसाद यादव से मिले

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि - संघर्ष और न्याय की राजनीति के प्रतीक है लालू प्रसाद यादव

बिनय मिश्रा

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पटना स्थित राजद की वरिष्ठ नेता एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पहुंचे और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने लालू प्रसाद यादव का हालचाल जाना



और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, सामाजिक-आर्थिक हालात तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में विस्तार से चर्चा हुई। संघर्ष और न्याय की राजनीति के प्रतीक है लालू प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री ने कहा कि लालू प्रसाद यादव संघर्षशील नेता हैं, जिन्होंने हमेशा गरीब,पिछड़ों और वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से देश के लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूती मिलती रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड और बिहार के बीच ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्ते हैं। दोनों राज्यों की एकजुटता और आपसी सहयोग से क्षेत्र का विकास और भी तेजी से संभव हो सकेगा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सहित परिवार के सदस्य व अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

## नवंबर तक चलते रहेगी चर्लपल्ली की स्पेशल ट्रेनें

**धनबाद :** दीपावली और छठ के मद्देनजर ट्रेनों में उमड़ने वाली भीड़भाड़ को देखते हुए रेलवे ने रक्सौल से चर्लपल्ली के बीच धनबाद होकर चलने वाली दोनों स्पेशल ट्रेनों को नवंबर तक चलाने की घोषणा की। चर्लपल्ली-रक्सौल स्पेशल चर्लपल्ली से 26 नवंबर तक हर बुधवार को, रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल रक्सौल से 28 नवंबर तक हर शुक्रवार को, चर्लपल्ली-रक्सौल स्पेशल चर्लपल्ली से 29 नवंबर तक हर शनिवार और रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल रक्सौल से दो दिसंबर तक सप्ताह में हर मंगलवार को चलती रहेगी।

## शिक्षक दिवस पर 20 रिटायर्ड शिक्षक होंगे सम्मानित

**जमशेदपुर :** विधायक सरयू राय ने सोमवार को बिष्टूपुर स्थित कार्यालय में पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर आयोजित होने वाले शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर बैठक की। इसमें आयोजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आयोजकों पवन सिंह, एसपी सिंह, मंजू सिंह और हेमंत पाठक ने बताया कि समारोह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के व्यावहारिक आयाम पर तीन वक्ता अलग-अलग स्तरों प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर अपने विचार रखेंगे। इस अवसर पर 20 रिटायर्ड शिक्षकों को उनके शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही शहर के सभी प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

यह कार्यक्रम मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होगा।

# वडोदरा के प्रसिद्ध लक्ष्मी विलास पैलेस में विराजेंगी मां दुर्गा

संवाददाता

**धनबाद :** स्टीलगेट का दुर्गोत्सव पिछले 37 वर्षों से धनबाद जिले का मुख्य आकर्षण बना हुआ है। हर वर्ष अलग-अलग थीम पर तैयार होने वाले इस भव्य आयोजन का इंतजार भक्तों को सालभर रहता है। इस बार श्रीश्री दुर्गा पूजा कमेटी, सरायढेला, कोलाकुसमा ग्राम पंचायत शिव मंदिर परिसर कमेटी गुजरात के वडोदरा स्थित ऐतिहासिक लक्ष्मी विलास पैलेस की तर्ज पर पंडाल तैयार कर रही है। पूरे आयोजन का बजट लगभग 30 लाख रुपये है। इसमें से सिर्फ पंडाल निर्माण पर ही करीब 16 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। पश्चिम बंगाल के कलाकार इस पंडाल को आकार दे रहे हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा भी बंगाल के कारीगरों द्वारा बनायी जा रही है। इसपर लगभग तीन लाख रुपये खर्च होंगे। इस वर्ष प्रतिमा की सजावट में पूरी तरह से प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं के आभूषण विभिन्न प्रकार के बीजों



से बनाये जा रहे हैं।

37 साल की परंपरा, हर साल बढ़ती भव्यता

सरायढेला स्टीलगेट दुर्गोत्सव अब महज पूजा का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे धनबाद की सांस्कृतिक धरोहर बन चुका है। यहां हर साल हजारों लोग दर्शन और मेले का आनंद लेने आते हैं। इस बार लक्ष्मी विलास पैलेस की झलक देने वाला पंडाल और बीजों से बने आभूषण भक्तों के लिए अद्वितीय अनुभव साबित होंगे।

सात अक्तूबर तक चलेगा मेला

पंडाल और प्रतिमा के साथ यहां लगने वाला मेला भी लोगों के आकर्षण का बड़ा केंद्र होगा। इस वर्ष यह मेला सात अक्तूबर तक चलेगा। इसी दिन मुख्य प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। हालांकि जिस प्रतिमा की पूजा की जाएगी, उसका विसर्जन तीन अक्तूबर को संपन्न होगा।

ये हैं पूजा समिति

अध्यक्ष शंकर प्रसाद सिंह, सचिव प्रेम चंद्र मंडल, उपाध्यक्ष गोकुल चंद्र महतो, प्रेम प्रकाश साव, संयुक्त सचिव हेमंत कुमार मंडल, तपन मंडल, मथुरा प्रसाद महतो, अनिल चंद्र कुंभकार, कोषाध्यक्ष विद्यापति दास, सह-कोषाध्यक्ष संजय कुमार महतो के अलावा कार्यसमिति के 25 सदस्य हैं।

भक्तों को कुछ नया और यादगार देखने को मिलेगा-शंकर प्रसाद सिंह

पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा यही रहता है कि भक्तों को कुछ नया और यादगार देखने को मिले। इस बार लक्ष्मी विलास पैलेस की तर्ज पर पंडाल तैयार किया जा रहा है। प्राकृतिक रंगों और बीजों से सजी प्रतिमा भक्तों को पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देगी। हमारी पूरी टीम इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए लगातार मेहनत कर रही है।

हमेशा की तरह खास और रहेगा यादगार-प्रेमचंद्र मंडल

पूजा समिति के सचिव प्रेमचंद्र मंडल ने कहा कि सरायढेला स्टीलगेट का दुर्गोत्सव सिर्फ पूजा तक सीमित नहीं, बल्कि लोगों की आस्था और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। इस वर्ष भी सभी सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। हमें विश्वास है कि यह आयोजन धनबाद के लोगों के लिए हमेशा की तरह खास और यादगार रहेगा।

# घाटशिला उप चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित, चार मतदान केंद्र बदले जाएंगे




संवाददाता

**जमशेदपुर :** घाटशिला उप चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रारूप मंगलवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने जारी कर दिया। उन्होंने समाहरणालय सभागार में मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जानकारी दी कि आज से मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम शुरू हो गया है। यह 17 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान दावा-आपत्ति भी की जा सकेगी। 25 सितंबर को दावा-आपत्ति का अंतिम रूप से निष्पादन कर दिया जाएगा और 29 सितंबर को मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन कर दिया जाएगा। अनुमान है कि बिहार विधान सभा चुनाव के साथ संभवतः नवंबर में घाटशिला का उप चुनाव कराया जाएगा।

कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि घाटशिला विधान सभा क्षेत्र में वर्तमान में कुल 2,51,367 मतदाता हैं। इनमें पुरुष वोटरों की संख्या 1,23,314 और महिलाओं की संख्या 1,28,050 है। तीन थर्ड जेंडर और एक एनआरआई वोटर भी हैं। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 2648, 18 से 19 साल के वोटरों की संख्या 13308 जबकि 85 से अधिक उम्र के मतदाताओं की तादाद 636 है। घाटशिला में प्रति हजार पुरुष वोटरों पर 1038 महिला मतदाता हैं। जबकि 100 लोगों की जनसंख्या में वोटरों की संख्या 62.13 है। उन्होंने बताया कि बूथ नंबर 53, 113, 122 और 135 को बदला जाएगा। साथ ही तीन बूथ ऐसे हैं जिनका स्थानांतरण या समायोजन किया जाना है। इनमें बूथ नंबर 54, 156 और 165 शामिल हे। तीन अन्य बूथों का विलय किये जाने की योजना है। इनमें 202, 203 और 205 शामिल हैं। इसके अलावा 1200 से अधिक वोटर वाले कुल 12 बूथों का गठन किया जाना है। इनमें बूथ नंबर 7, 36, 109, 123, 137, 200, 207, 242, 277, 242, 277, 286, 288, 299 शामिल हैं।

# पौड़ी मंदिर में जनताल पूजा पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

जया आस्था

भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अनुपम स्थल माँ पौड़ी मंदिर में आज जनताल पूजा के अवसर पर लोगों जनसैलाब उमड़ा नदी से घट लाकर मंदिर में रखा गया तत्पश्चात मंदिर के पुजारी सुजीत कुमार के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात माँ को भोग के रूप खिचड़ी और सब्जी चढ़ाया गया जिसके जनताल पूजा में माँ पौड़ी मंदिर के सदस्य विवेक चौधरी और जीतू चौहान का वहीं सोनी जयसवाल,श्रवण ठाकुर, बल्ले पोद्दार का सराहनीय योगदान रहा। जनताल पूजा में माँ के पूजा हेतु विनोद जयसवाल, रवि साल और आशीष जयसवाल भी उपस्थित थे।



# बीसीकेयू समर्थित ठेका मजदूरों की क्रमिक भूख हड़ताल शुरू

## 4 सितंबर से साइडिंग बंद की चेतावनी

संवाददाता

**केंदुआ (धनबाद) :** बीसीकेयू के समर्थन में बीएनआर साइडिंग में कार्यरत ठेका मजदूरों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में सोमवार से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी। साइडिंग परिसर में यूनियन का झंडा लगाकर आंदोलन के पहले दिन 5 महिला श्रमिक मुन्नी देवी, श्यामपरी देवी, संगीता देवी, सुधा देवी और माला देवी भूख हड़ताल पर बैठीं। इन महिला श्रमिकों के समर्थन में बड़ी संख्या में अन्य ठेका मजदूर भी धरना दे रहे हैं।

मजदूर बोले- साइडिंग को समर्पित कर दिया जवानी, नहीं मिली वास्तविक मजदूरी

सभी मजदूरों ने एक स्वर में प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जतायी और मजदूरों की मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। धरना पर बैठे मजदूरों ने बताया कि वे




वर्षों से साइडिंग में पीकिंग और ब्रेकिंग जैसे श्रमसाध्य कार्य कर रहे हैं। अपनी जवानी साइडिंग को समर्पित करने के बावजूद आज तक उन्हें वास्तविक मजदूरी नहीं मिली।

प्रबंधन वार्ता और आश्वासन देकर आंदोलन टालता रहा

श्रमिकों ने कहा कि जब भी वे अपने हक के लिए आवाज उठाते हैं, प्रबंधन केवल वार्ता और आश्वासन देकर आंदोलन को टालता रहा है। कुछ महीने पूर्व बीसीसीएल कुसुंडा एरिया प्रबंधन के साथ हुई बैठक में मजदूरों को हर महीने 26 दिन कार्य देने का आश्वासन दिया गया था, इसके लिए 2 माह का समय मांगा गया था, लेकिन तय समयावधि बीत जाने के बाद भी कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। इससे नाराज मजदूरों ने अब क्रमिक भूख हड़ताल का रास्ता अपनाया है।यूनियन ने काम बंद करने की दी चेतावनी यूनियन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रबंधन ने समय रहते मजदूरों की मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की, तो 4 सितंबर 2025 से साइडिंग का डिस्पैच अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जायेगा। यूनियन ने इसके लिए बीसीसीएल प्रबंधन को पूर्णतः जिम्मेदार ठहराया है।

धरना स्थल पर ये लोग भी रहे मौजूद

धरना स्थल पर मौजूद प्रमुख ठेका मजदूरों में मानिकचंद्र नोनिया, दुखन पासवान, धर्मेंद्र पासवान, धनेश्वर भुईयां, अशोक पासवान, सुरेंद्र पासवान, शंकर मोदक, विजय पासवान, नागो पासवान, सिया यादव, राजकुमार पासवान, मनोहर राउत, सलाऊद्दीन, मो मंसूर, मुन्ना चौहान समेत दर्जनों मजदूर शामिल थे।